हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि
बिलासपुर, मंगलवार, 26 अगस्त 2025
[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]



## खबर संक्षेप



### विकासखंड स्तरीय वाद विवाद प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों के बच्चों ने लिया भाग

**शंकरगढ़।** सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा विषय पर विकासखंड स्तरीय वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में किया गया। प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों के प्रतिभागियों ने भाग लेकर इस विषय पर अपने विचार सड़क सुरक्षा के पक्ष एवं विपक्ष के रूप में प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता में कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल शंकरगढ़, सेजस शंकरगढ़, बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शंकरगढ़, उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रेहड़ा, शासकीय हाई स्कूल दुर्गापुर, हाई स्कूल जगिमा के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। प्रतिभागियों ने अपने पक्ष रखें सड़क सुरक्षा को लेकर के बच्चों ने सड़क नियमों का पालन, वाहन चलाते समय हेलमेट का उपयोग, नशे में वाहन न चलाना, ड्राइविंग लाइसेंस का होना, रफ़ ड्राइविंग न करना, दो से अधिक सवारी न बैठना, इत्यादि बिंदुओं के आधार पर पक्ष एवं विपक्ष में शानदार ढंग से अपनी प्रस्तुति दी। सभी बच्चों को सड़क में सुरक्षा के नियमों का पालन करने पर जीवन की रक्षा की जा सकती है का संदेश दिया। बालकों ने इस विषय पर सड़क यातायात को लेकर के प्रमुख नियमों को समझा और जाना है। कार्यक्रम में साक्षर भारत की जिला परियोजना अधिकारी सीमा सिंह देव, यातायात प्रभारी बसंत कुजूर एवं विद्यालय के शिक्षक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### कीटनाशक पीने से गंभीर किशोरी की गई जान

**अम्बिकापुर।** कापू थाना अंतर्गत ग्राम अलोला निवासी सनकुवारी आ. स्व. लक्षन राम (15 वर्ष) 28 जुलाई को अज्ञात कारण से घर में रखे कीटनाशक को पी ली जिससे उसके तबीयत काफी बिगड़ गई। घटना की जानकारी लगने पर परिजन उसे कापू अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने किशोरी की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर दिया जहां उपचार के दौरान रविवार की दोपहर उसकी मौत हो गई।

## भूस्खलन से खिसक रही धरती, संकरी हो गई सड़क

# मेंटेनेंस अवधि समाप्त होते ही सड़क को भूला विभाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बतौली/सेदम

सेदम से मुर्ताडांड़ तक की बारिश में न सिर्फ सड़क जर्जर हो गई है बल्कि हर बरसात में भूस्खलन होने से अब धरती 20 मीटर खिसक गई जिससे सड़क संकरी हो गई है। हैरानी बात तो यह है कि सड़क की संधारण अवधि समाप्त हो जाने पर अब विभाग सड़क को भूल गई है। ऐसे में प्रधानमंत्री सड़क योजना अंतर्गत बनी सड़क की आज तक मरम्मत नहीं हो सकी। पहाड़ी क्षेत्र स्थित सड़क के कटाव होने से और भी खतरनाक हो गई है। ऐसा नहीं है क्षेत्र के जनप्रतिधि सड़क की हालत से अवगत नहीं है बावजूद इसके इस ओर ध्यान नहीं देने से अब ग्रामीणों के लिए यह सड़क अभिशाप बन गया है जबकि मार्ग से हर रोज बड़ी संख्या में लोग आवागमन करते है जिससे हर समय दुर्घटना की संभावना बनी रहती है।

**खास बात**

- जान जोखिम में डाल ग्रामीण करते है आवागमन

बतौली के ग्राम पंचायत सेदम से मूर्ताडांड तक प्रधानमंत्री सड़क का निर्माण 1 मई 2018 में शुरू हुआ और 30 जुलाई 2018 में 10 किलोमीटर की सड़क निर्माण ठेकेदार के माध्यम लागत 91.71लाख लागत से सड़क का निर्माण कार्य पूर्ण किया गया। जहां सड़क की संधारण अवधि 2023 तक की गई थी जिसमें भी 27.9 लाख की स्वीकृति से 5 वर्षों तक प्रत्येक वर्ष में सड़क की बरसात बाद घास झाड़ियों की सफाई, रेनकट का भराव, शोल्डर का मरम्मत कार्य, सड़क का संधारण, सड़क किनारे नाली का संधारण कार्य किया जाना था। विडंबना यह है कि बोर्ड में दर्शाया इस कार्य का पालन आज तक नहीं किया गया। इधर ठेकेदार से मिलकर अधिकारी भी खाना पूर्ति ही किया जिससे पिछले 2 वर्षों से सड़क की दुर्दशा अत्यंत दयनीय हो गई है जहां अब राहगीरों के लिए सफर करना काफी कष्टदायक हो गया है। वर्तमान में सड़क की संधारण अवधि समाप्त हो गई है जिससे अब विभाग के अधिकारी सड़क को भूल गए है। ऐसे में देख रेख के अभाव व मरम्मत नहीं होने के कारण सड़क पूरी तरह से जर्जर हो गई है। सड़क के दोनों और साइड शोल्डर पूरी तरह से उखड़ गए है जबकि सड़क के घाट में पानी बहने से घाट भी क्षतिग्रस्त हो गए हैं। कई वर्षों तक तो साइड शोल्डर के बगल में स्थित झाड़ की भी सफाई नहीं होने तथा बरसात में भूस्खलन होने से अब सड़क संकरी हो गई। यह सड़क एकांकी मार्ग होने से हर रोज बड़ी संख्या में आवागमन करने वाले लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। सड़क के जर्जर व एकांकी मार्ग होने से हर समय दुर्घटना की संभावना बनी रहती है जबकि पूर्व में कई बार दुर्घटना हो चुकी है और कई लोग घायल भी हो चुके है। क्षेत्र के लोगों ने सड़क की मरम्मत किए जाने की मांग की है।



जर्जर सड़क।

### पहुंच विहीन हो सकते हैं पांच गांव

सेदम से मुर्ताडांड मार्ग पांच गांवों को जोड़ने वाली एकमात्र एकांगी सड़क है। पहाड़ी क्षेत्र स्थित यह सड़क बारिश के पानी से कटाव होने लगा है। ऐसे में लगातार बारिश हुई तो सड़क और भी जर्जर हो सकती है जिसमें गोविंदपुर, बागपानी, कूदरापानी, मुर्तादाड़, चुटियापहरी गांव के लोग राष्ट्रीय राजमार्ग 43 से कट सकते हैं जबकि हाई स्कूल और हायर सेकेंडरी स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों का पढ़ाई भी प्रभावित हो सकता है।

### साल 2019 में पहली बार हुआ था भूस्खलन

सेदम से मुर्तादाड़ तक 10 किलो मीटर प्रधानमंत्री सड़क में पहाड़ी इलाका होने तथा अत्यधिक बारिश से भूस्खलन भी होता है। साल 2019 में पहली बार सेमरहिया के पास दस मीटर भूस्खलन हुआ था। जिसके बाद हर बरसात के मौसम में कटाव होने से कारण अब 20 मीटर धरती खिसक गई है। वर्तमान स्थिति में सड़क न सिर्फ संकरी हो गई बल्कि कई जगह गड्ढे होने से सड़क काफी जर्जर हो चुकी है। मुख्य मार्ग के लिए कोई दूसरी सड़क नहीं होने के कारण क्षेत्र के ग्रामीण इस मार्ग का उपयोग करने को मजबूर है।

### अधिकारी नहीं किए मॉनिटरिंग

प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बनी सड़क का निर्माण ठेकेदार द्वारा किया गया था। पहाड़ी क्षेत्र होने होने कारण अधिकारी समय समय पर मॉनिटरिंग नहीं किए जिसका फायदा ठेकेदार द्वारा उठाया गया। जबकि सड़क की पेच रिपेयरिंग, साइड सोल्डर का कार्य, मरम्मत कार्य प्रत्येक वर्ष करना था। ऐसे में अधिकारी समय समय पर निरीक्षण करते तो आज सड़क की हालत ऐसी नहीं होती।

### हुआ है रि टेंडर

सड़क निर्माण के लिए रि टेंडर हुआ है। स्वीकृति मिलने के बाद जल्द ही सड़क निर्माण किया जाएगा। भूस्खलन के लिए विशेष उपाय किए जाएंगे।
विकास कौशिक, पीएमजेएसवाई ई



## कलेक्टर ने समय-सीमा की बैठक में दिए आवश्यक निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सूरजपुर

कलेक्टर एस. जयवर्धन की अध्यक्षता में समय-सीमा की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभागवार लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने अधिकारियों को शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने जिला स्तरीय जनदर्शन एवं मुख्यमंत्री जनदर्शन के लंबित आवेदनों के निराकरण को प्राथमिकता से करने के लिए कहा। इसके अलावा उन्होंने कहा कि प्रत्येक सोमवार को दोपहर 12 बजे सभी एसडीएम कार्यालयों में जनदर्शन का आयोजन होगा। कलेक्टर श्री जयवर्धन ने जिले वासियों से कहा कि प्रत्येक सोमवार को एसडीएम कार्यालयों में उपस्थित होकर अपनी समस्या के समाधान कराएं।

- प्रत्येक सोमवार को दोपहर 12 बजे सभी एसडीएम कार्यालयों में होगा जनदर्शन

बैठक में कलेक्टर एस जयवर्धन ने विभागवार कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने जन्म एवं मृत्यु प्रमाणपत्र हितग्राहियों को समय-सीमा में उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी पंचायतों में प्रमाणपत्र समय पर बनाने के निर्देश भी दिए। बुनियादी सुविधाओं के समीक्षा के दौरान उन्होंने जिले की क्षतिग्रस्त सड़कों की शीघ्र मरम्मत करने को कहा। जलजीवन मिशन की प्रगति तथा क्रेडा विभाग द्वारा सोलर आधारित जल प्रदाय योजनाओं की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने सभी घरों में जल प्रदाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने बैठक में खनन प्रभावित क्षेत्रों में रोजगार उपलब्ध कराने के मामलों की भी जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही शिक्षा विभाग की समीक्षा करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी को जिले में शिक्षा का स्तर उन्नत करने और बोर्ड परीक्षा के विद्यार्थियों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने आरटीओ को स्कूल एवं महाविद्यालय के विद्यार्थियों का शिविर आयोजित करके शिक्षार्थी लाइसेंस बनाने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने सीएमएचओ कपिलदेव पैकरा को सभी स्वास्थ्य केंद्रों में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएँ सुनिश्चित करने और मौसमी बीमारियों के प्रति विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। आयुष्मान कार्ड निर्माण की समीक्षा करते हुए शिविर लगाकर आयुष्मान कार्ड शत प्रतिशत रूप में बनवाने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी आंगनबाड़ियों, आश्रम छात्रावास एवं पंडो जनजाति निवास क्षेत्रों सभी का आयुष्मान कार्ड बनाने के निर्देश सम्बंधित अधिकारियों को दिए। बैठक में डिप्टी कलेक्टर, एसडीएम सहित जिले के अधिकारी उपस्थित रहे।

## मेरा रेशम मेरा अभिमान के तहत किसानों को दिया गया प्रशिक्षण

**अम्बिकापुर।** केंद्रीय रेशम बोर्ड द्वारा जिले में स्थापित 10 स्थल रेशम एवं कोसा केंद्रों के हितग्राहियों को मेरा रेशम मेरा अभिमान के अंतर्गत प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान प्रथम प्रशिक्षण कार्यक्रम शहतूत रेशम केंद्र गेरसा में शहतूत रेशम कीट पालन से संबंधित प्रशिक्षण किसानों को दिया गया। इस प्रशिक्षण में लगभग 80 किसानों ने भाग लिया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में केंद्रीय रेशम बोर्ड के वैज्ञानिक डॉ. एल्लपा हरिजन वैज्ञानिक सी, इंद्र किशोर बागरी, उप संचालक रेशम अम्बिकापुर, सुदामा नांगवशी, सरपंच, अरुण कुमार सिंन्हा, फील्ड आफिसर रेशम, हरिशरण जायसवाल, एकाउण्टेट कार्यालय उप संचालक रेशम अम्बिकापुर उपस्थित रहे। किसानों को शहतूत नर्सरी पौधारोपण, पौधों का रख रखाव और पौधों को होने वाली बीमारी और बचाव एवं अधिक से अधिक शहतूती पत्ती का उत्पादन करने तथा उससे कृमि पालन के बारे में बताया साथ ही कीट पालन से संबंधी विभिन्न जानकारियां किसानों को दी। केंद्रीय रेशम बोर्ड के इस कार्यक्रम को लेकर सदस्य सचिव की सराहना की।



### उचित मूल्य दुकान से एक लाख रुपए के राशन की चोरी

**बिश्रामपुर।** सूरजपुर जनपद पंचायत के ग्राम पण्डोनगर स्थित शासकीय उचित मूल्य दुकान से अज्ञात चोरों ने बड़ी मात्रा में शासकीय खाद्यान्न पार कर दिया है।दुकान संचालक सुखनाथ एवं ग्राम सरपंच बसंती ने मामले की सूचना जयनगर पुलिस को दे दी है।पुलिस को दिए शिकायत पत्र में सरपंच और दुकान संचालक ने उल्लेख किया है कि उक्त शासकीय उचित मूल्य दुकान का संचालन ग्राम पंचायत के द्वारा किया जा रहा है, गत दिवस दुकान में रखे खाद्यान्न में से दस क्विंटल चावल, चना सात क्विंटल एवं चीनी एक क्विंटल चौंसठ किलो को अज्ञात चोरों ने दुकान का ताला तोड़कर पार कर दिया है। बता दें कि कुछ दिनों पूर्व ही अजबनगर उचित मूल्य दुकान में चोरों ने सेंधमारी करने के बाद बड़ी मात्रा में खाद्यान्न सामानों की चोरी कर ली है, इसके बाद ग्राम गणेशपुर स्थित शासकीय दुकान में भी चोरों ने राशन चोरी का असफल प्रयास किया था।राशन दुकानों में सिलसिलेवार तरीके से खाद्यान्न की चोरी किसी गिरोह के शामिल होने की आशंका व्यक्त की जा रही है। पण्डोनगर गांव में हुई चोरी में करीब एक लाख से अधिक का खाद्यान्न चोरी हो जाने की खबर है। सूचना पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## गीता के 14वें अध्याय की व्याख्या



**अम्बिकापुर।** महामना मालवीय मिशन द्वारा रास बिहारी मिश्रा के निवास पर आयोजित आध्यात्मिक संवाद सह गीता पाठ रासबिहारी मिश्रा के निवास पर किया गया। नगर के विद्वानों एवं प्रबुद्ध जनों द्वारा बड़े सहज ढंग से 14वें अध्याय की व्याख्या की गयी।

ननि के सभापति हरमिंदर सिंह टिन्नी ने कहा कि हम सभी का प्रयास रहे कि यह अभियान निरंतर संचालित होता रहे। महामना मालवीय मिशन एक ऐसी संस्था है जो अविरल गंगा की धारा जैसी प्रवाहित हो रही है और भगवान श्री कृष्ण के आदर्शों को लोगों के घरों तक पहुंचा रही है। इस आध्यात्मिक समागम में सभी वर्ग धर्म संस्कृति के लोग सहभागी हो रहे है तथा यह सामाजिक समरसता का संदेश दे रहा है। बड़े आध्यात्मिक धर्मगुरू, समाज सुधारक, राजनीतिज्ञ गीता को अपने साथ रखते हैं तथा समाज, परिवार और राष्ट्र की समस्याओं का हल खोजते हैं। शिक्षाविद ब्रह्मा शंकर सिंह ने कहा कि सारे देहधारी जीव भौतिक प्रकृति के तीन गुणों के अधीन हैं। सतोगुण, रजोगुण, तमोगुण के प्रभाव से कोई वंचित नहीं है। श्री कृष्ण इन गुणों, इनकी क्रिया इन्हें पार करने का तरीका बताते हैं। गीता मर्मज्ञ पं.राम नारायण शर्मा, सुनील दत्त पाण्डेय, दुर्गा प्रसाद तिवारी ने भी अपनी बातें रखी। प्रकाश कश्यप ने कविता के माध्यम से गीता पर प्रकाश डाला। राजकुमार गुप्ता ने गीता महात्म्य पर अपना विचार रखा। कार्यक्रम का संचालन राज नारायण द्विवेदी ने किया। इस दौरान हरिशंकर सिंह, अशोक सोनकर सहित अन्य लोग उपस्थित थे।



### साधु राम विद्या मंदिर में अभिभावक–शिक्षक की बैठक, छात्रों की प्रगति पर की गई चर्चा

**सूरजपुर।** साधु राम विद्या मंदिर में अभिभावक–शिक्षक बैठक हुई, जिसमें छात्रों की प्रगति पर चर्चा हुई और अभिभावकों व शिक्षकों के बीच संवाद और सहयोग को और अधिक मजबूत किया गया। बैठक के पश्चात विद्यालय परिसर में पौधरोपण किया गया जिसमें छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों ने भागीदारी की।

कार्यक्रम की सबसे खास पहल नवाचार वृक्ष टैगिंग प्रणाली रही, जिसमें प्रत्येक पौधे पर क्यूआर कोड, वैज्ञानिक नाम और सामान्य विशेषताओं की जानकारी उपलब्ध कराई गई। छात्रों में न केवल पौधों की पहचान और संरक्षण के प्रति रुचि जागी, बल्कि प्रकृति से उनका गहरा जुड़ाव भी स्थापित हुआ। साथ ही नीट जेईई जैसे प्रमुख परीक्षाओं पर दिल्ली की टीम द्वारा अभिभावकों का ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया, जिसमें छात्रों और अभिभावकों को इंजीनियरिंग एवं मेडिकल प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी से संबंधित जानकारी दी गई। इसके अलावा अभिभावकों और छात्रों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। शिविर में बच्चों और अभिभावकों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें निवारक उपायों और स्वास्थ्य संबंधी परामर्श दिए गए। इन सभी गतिविधियों में विद्यालय के निर्देशक डॉ. राहुल अग्रवाल, एसएमसी समिति अध्यक्ष सुनील अग्रवाल, प्राचार्य प्रभाकर उपाध्याय, उप-प्राचार्य दीन दयाल तिवारी व शिक्षक मौजूद रहे।

सरगुजा मार्केट

सरगुजा के सर्वप्रथम स्पाईन एवं ब्रेन विशेषज्ञ
डॉ.अमित मुखर्जी
M.S.Mch Neuro Mumbai
श्री अमृतम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, रायपुर
लकवा, मिर्गी, झटका, सिरदर्द, पीठ, कमर, गर्दन दर्द, माइग्रेन, रीढ़ की हड्डी की चोट, सिर की चोट, हाथ-पैर की झुनझुनी एवं कमजोरी, टी.बी, ब्रेन एवं स्पाईन की बीमारी के उपचार के लिए
दिनांक: 28 सितम्बर 2025, दिन रविवार
नोट- डॉक्टर चौथे रविवार को उपलब्ध रहेंगे
सम्पर्क - विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर
पारस हाइट्स गेहूंबाड़ी, सीएमओ ऑफिस के पास दर्रीपारा अम्बिकापुर, छ.ग. मो :- 7587722255

हृदय रोग विशेषज्ञ
डॉ.गौरव त्रिपाठी
एमडी, डीएम (कार्डियोलाजिस्ट)
दिनांक 24 अगस्त, रविवार
प्रकाश हास्पिटल
जिला अस्पताल रोड, रानी तालाब के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें
मो. 9713667433, 9617247433

बर्न, प्लास्टिक एवं कॉस्मेटिक सर्जरी विशेषज्ञ
डॉ. रौनक कलवानी
M.ch, Ms, ATLS, M.B.B.S
प्लास्टिक, कॉस्मेटिक एवं माइक्रोसर्जन
पूर्व सलाहकार, टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल, मुंबई
परामर्शदाता : अपोलो हॉस्पिटल, बिलासपुर
विशेषज्ञता - हेयर ट्रांसप्लांट, लिपोसक्शन एवं माइक्रो सर्जरी
दिनांक - 31 अगस्त, 2025
समय - सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक
डॉ फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALTY SURGICAL HOSPITAL
स्मार्ट कार्ड/आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क इलाज की सुविधा
खरसिया नाका अम्बिकापुर, जिला - सरगुजा

लेजर मशीन द्वारा
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिसचुला (भगंदर), फ़िशर्स, पाइलोनाईडल सायनस एवं वेरिकोज वेन्स ऑपरेशन की सुविधा शुरू
लेजर के फायदे
• ऑपरेशन के पश्चात कम से कम तकलीफ
• रक्तचाप व दर्द कम एवं कम समय में ही अस्पताल से छुट्टी
• फिर से होने की संभावना सबसे कम
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल
भारत माता चौक रायगढ़ रोड खरसिया नाका, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा
मो.- 7869900888 (O.P.D.), 8225888500 (Hospital), 7240802000

छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध एवं सीनियर
मूत्र रोग विशेषज्ञ
परामर्श एवं ऑपरेशन हेतु
डॉ.राहुल कपूर
(Laparoscopy Urosurgeon)
उपलब्ध सुविधा
-आयुष्मान कार्ड से ईलाज।
-दूरबीन से (बिना चीर, फाड़) ऑपरेशन
-किडनी स्टोन, किडनी नली का स्टोन, BPH प्रोस्टेट ग्रंथि का ऑपरेशन
-पेशाब रास्ते का सिकुड़न
-किडनी, पेशाब थैली, अंडकोष, प्रोस्टेट कैंसर का ईलाज
दिनांक 24 सितम्बर 2025
दिन - बुधवार
अग्रिम रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है (O.P.D.) 8225888500
दूरबीन पद्धति से मूत्र रोग बीमारियों की जाँच एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
डॉ फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALTY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर, जिला - सरगुजा

आप परेशान क्यों हैं ?
वारसी शिफा
खाना रूहानी जड़ी-बूटी द्वारा ईलाज
अगर दवा काम नहीं करती तो आज ही मिलिए हकीमुल्क जनाब वारसी साहब के साहबजादे से अपने वालिद से 35 वर्षों का अनुभव प्राप्त कर कई सालों से सेवा देते आ रहे है अनेक बे औलादों को औलाद प्राप्त हुई किसी भी साया का बुरा असर भुत-प्रेत, पति-पत्नी के झगड़े, मोहब्बत, दिमागी परेशानी, कारोबार में बरकत के लिए, गर्भ न ठहरना, नामर्दगी, रूहानी एवं जड़ी-बूटी द्वारा
बीमारीयों से छुटकारा पाने के लिए मिलिए।
परामर्श शुल्क मात्र 500 रु.
मिलने से पहले मोबाइल से समय आरक्षित कराएं
पता - वारसी मंजिल, महामाया प्रवेश द्वार, शहीद अब्दुल हमीद चौक वारसी नगर रिंग रोड अम्बिकापुर, जिला- सरगुजा (छ.ग.)
मो. 9753266386

डॉ.कल्पना दाश
M.B.B.S, MD., DM (ENDO)
अपोलो डायबिटिक हास्पिटल, रायपुर
मधुमेह (शुगर), ब्लड प्रेशर, थाईराईड, हार्मोन एवं फर्टिलिटी संबंधी जॉच एवं उपचार हेतु।
दिनाँक - 24 अगस्त, 2025
दिन - रविवार सुबह 10 बजे से 3 बजे तक
निशांत मेडिकोज
देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
पंजीयन हेतु फोन नं.- 7354260555

गुप्त रोग
का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिफलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है ।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

संभाग के एकमात्र डाइबिटीज थाइरायड इंडोक्रिनोलॉजिस्ट अब अम्बिकापुर में
डॉ.संजीत जायसवाल
MD, DM (Endocrinologist)
डाइबिटीज, थाइराइड, मोटापा, माहवारी में समस्या, नपुंसकता, निःसंतानता, हाई बीपी, कोलेस्ट्राल की समस्या, हड्डियों की कमजोरी एवं टेढ़ापन, छोटे कद की समस्या के लिये परामर्श हेतु उपलब्ध
दिनांक - 07 सितम्बर 2025, दिन - रविवार
नोट :- डॉ प्रत्येक माह के पहले रविवार को उपलब्ध रहेंगे।
संपर्क- विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर
पारस हाइट्स गेहूं बाड़ी, सी.एम.ओ. ऑफिस के बगल में दर्रीपारा, अम्बिकापुर
सम्पर्क करें – 7587722255

तेज डायग्नोस्टिक / ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
बाबूपारा, जोड़ा तालाब के सामने, अम्बिकापुर
में परामर्श हेतु प्रतिदिन उपलब्ध विषेशज्ञ
डॉ.चन्द्रशेखर उपाध्याय - हड्डी रोग विषेशज्ञ
डॉ. ओम प्रकाश पंडित - हड्डी रोग विषेशज्ञ
डॉ. प्रवीन कुमार सिंह - जनरल एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जन
डॉ. मनोज भारती - जनरल एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जन
डॉ. संदीप गुप्ता - शिशु एवं बाल्य रोग विषेशज्ञ
डॉ. संगिता भारती - चर्म रोग एवं सौन्दर्य विशेषज्ञ
डॉ. आयुशी गुप्ता - न्युरो (पेन फिजिशियन)
डॉ. राहूल शामकांत जाधव - एम.बी.बी.एस.,एम.डी.पैथोलॉजिस्ट
डॉ. मीना राव - आडियोलॉजिस्ट एवं स्पीच थैरेपिस्ट
डॉ. सुरभि - दंत एवं मुख्य विषेशज्ञ
डॉ. हेमलता साहू - फिजियोथैरेपी
तेज डायग्नोस्टिक/ ब्लड सेन्टर 1.5 TESLA MRI
अग्रिम पंजीयन हेतु सम्पर्क करे 07774222555, 9425583780, 9826183780, 8224007799, 8718003300, 6262639090
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी, उपचार एवं जाँच की सुविधा उपलब्ध

TOP IN SURGUJA
गायत्री हॉस्पिटल
कम खर्च में ईलाज सर्वसुविधा युक्त के साथ ईलाज
MULTISPECIALITY HOSPITAL
CREATING HEALTHY TOMORROW
CGHS से मान्यता प्राप्त
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.) | 9424250281 | 8120906000 | 8120809000 |
सुप्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ
डॉ.गौरव त्रिपाठी
एमडी.डीएम. कार्डियोलॉजिस्ट
सीने में दर्द या भारीपन, सांस लेने में तकलीफ, लगातार पसीना, नींद न आना, घबराहट एवं बेचैनी, अनियमित हृदय गति
दिनांक 24 अगस्त 2025 दिन - रविवार
मूत्र रोग विशेषज्ञ
डॉ.आकाश अग्रवाल
एमबीबीएस, एमएस (सर्जरी) एमसीएच (यूरोलॉजीएंड रीनल ट्रांसप्लांट) कंसल्टेंट यूरोलॉजिस्ट एंड्रोलॉजिस्ट एंड रीनल ट्रांसप्लांट सर्जन
पेशाब में जलन, प्रोस्टेट बढ़ जाना, पेशाब बार-बार होना, पेशाब बूंद-बूंद पर होना, पेशाब के रस्ते का छोटा होना

तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, मंगलवार, 26 अगस्त 2025
[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]

2 मेन्टेनेंस अवधि समाप्त होते ही सड़क को भूला विभाग



आसरा इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग
जरहाडीह, रघुनाथपुर सरगुजा छ.ग.
मों. 9826156669, 7000288169
B.S.C. नर्सिंग
(4 वर्षीय कोर्स)
G.N.M. (3 वर्षीय कोर्स)
स्कॉलरशीप-शासन के नियमानुसार
पता - CTO चांदनी चौक, इण्डेन गैस गोदाम के पास, खैरबार रोड, मायापुर अंबिकापुर

बवासीर का आधुनिक इलाज
अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा
भर्ती की आवश्यकता नहीं
मरीज सुबह आकर शाम को घर जा सकता है
स्व. डॉ. सत्यप्रकाश गुप्ता मेमोरियल हॉस्पिटल लायंस चौक, चाम्पा
गुप्ता हॉस्पिटल
डॉ. शुभम् गुप्ता
गुदा रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें
7400009183

### यूरिया की कालाबाजारी, संयुक्त टीम ने मारा छापा

# दुकान में लगा रखा था यूरिया नहीं है का बोर्ड, छापे में 37 बोरी जब्त



गोदाम में कार्रवाई करते प्रशासन की टीम।



जब्त यूरिया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सरगुजा में यूरिया की कालाबाजारी चरम पर है। आलम यह है कि समितियों के बदले यूरिया सीधे निजी दुकानों में उतर रहा है और मिनटों में गायब भी हो जा रहा है जबकि ग्रामीण यूरिया के लिए भटक रहे हैं। इस बात का खुलासा सोमवार को कृषि विभाग और जिला प्रशासन की कार्रवाई से हुआ है। संयुक्त टीम ने दुकान में छापा मार कर 37 बोरी यूरिया जब्त किया है। गौर करने वाली बात यह है संचालक ने अपनी दुकान के बाहर बड़े बड़े अक्षरों में लिखा था कि यूरिया उपलब्ध नहीं है।

**खास बात**
- 37 बोरी यूरिया जब्त

दरअसल इस बार यूरिया की काफी कमी समितियों में देखने को मिल रही है। समितियों में यूरिया गायब है और निजी दुकानों में इसकी जमकर सप्लाई हो रही है। संचालक यूरिया को कई गुना अधिक दामों पर बेचकर कालाबाजारी कर रहे हैं। इसी बात की सूचना सोमवार को जिला प्रशासन और कृषि विभाग को मिली थी। प्रशासन को सूचना मिली थी कि शहर के शंकर ट्रेडिंग में दो ट्रक यूरिया आया है लेकिन इसके बाद भी किसानों को यूरिया नहीं दिया जा रहा है। इस बात की सूचना मिलने के बाद कृषि उप संचालक पीएस दीवान, तहसीलदार उमेश्वर सिंह बाज के नेतृत्व में संयुक्त टीम ने दुकान में छापा मारा था। इस दौरान टीम को मौके पर 37 बोरी यूरिया मिला। इसके साथ ही बाहर यूरिया नहीं है का प्रिंट स्टीकर चस्पा किया गया था। ऐसे में टीम ने मौके पर सभी 37 बोरी यूरिया को कालाबाजारी की आशंका पर जब्त कर लिया और संचालक को नोटिस जारी किया गया है।

### 1 हजार से 12 सौ में बिक रहा यूरिया

बताया जा रहा है कि सोमवार को दुकान में सुबह 6 बजे और दोपहर 11 बजे एक-एक ट्रक यूरिया पहुंचा था और मौके पर ही पिकअप व अन्य वाहनों की मदद से यूरिया को दूसरी जगह भेज दिया गया जबकि नियम के अनुसार यूरिया के स्टाक की पीओएस मशीन में एंट्री करनी होती है। एक तरह सहकारी समितियों में यूरिया उपलब्ध नहीं है और दूसरी ओर सीधे निजी संस्थानों में यूरिया की खेप पहुंचाई जा रही है, जहां महज 266 रुपए प्रति बोरी में मिलने वाला यूरिया किसानों की मजबूरी का फायदा उठाकर 1 हजार से 12 सौ रुपए तक में बेचा जा रहा है। अधिकारी मौके पर कार्रवाई की खाना पूर्ति करके वापस लौट आए।

#### ग्रामीणों ने जताई नाराजगी

कार्रवाई के दौरान भी किसान केन्दाराम टोप्पो, कमलेश्वर खलखो ने बताया कि वे यूरिया लेने के लिए नियमित रूप से दुकान आ रहे हैं लेकिन उन्हें यूरिया नहीं दिया जा रहा है। यूरिया दुकान में रहने के बाद भी दौड़ाया जा रहा है। ऐसे में मजबूरन किसानों को 1 हजार रुपए से 15 सौ रुपए में खाद मिल रहा है। किसानों को खाद नहीं मिलने से परेशानी हो रही है और उनकी फसलों को नुकसान होने की संभावना है। वे सभी सोसायटी के चक्कर लगा चुके हैं लेकिन उन्हें यूरिया नहीं मिला।

#### किया गया है जब्त

शिकायत के बाद शंकर ट्रेडिंग में उर्वरक की जांच की गई। दुकान से 37 बोरी यूरिया जब्त किया गया है। इसके साथ ही संचालक को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। जांच के बाद कार्रवाई होगी।

-पीताम्बर सिंह दीवान
उप संचालक कृषि



## फर्जी अंकसूची लगाकर हासिल कर ली आंगनबाड़ी सहायिका की नौकरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ शंकरगढ़

शंकरगढ़। आंगनबाड़ी सहायिकाओं की भर्ती में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी सामने आई है। कलेक्टर के निर्देश पर की गई जांच में महिलाओं द्वारा 8वीं की फर्जी अंकसूची के आधार पर नौकरी हासिल करने की पुष्टि हुई। इस मामले में पुलिस ने चार महिला आरोपियों को गिरफ्तार किया है जबकि अन्य लोगों की तलाश जारी है। बताया जा रहा है कि एकीकृत बाल विकास परियोजना कुसमी क्षेत्र के शंकरगढ़ अनुभाग में वर्ष 2024-25 में आंगनबाड़ी सहायिका के पदों पर भर्ती की गई थी। सहायिकाओं की भर्ती में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी किए जाने की शिकायत एक महिला ने कलेक्टर से की थी। शिकायत के बाद कलेक्टर ने इस मामले की जांच के निर्देश दिए थे। प्रभारी परियोजना अधिकारी के नेतृत्व में इस मामले की जांच के दौरान यह बात सामने आई कि आंगनबाड़ी बेहराटोली जार्गिम, कटहरपारा महुआडीह, धाजापाठ कोठली, डूमरपानी बेलकोना में चयनित सहायिकाओं द्वारा अन्य आरोपियों के साथ मिलकर कक्षा आठवीं की फर्जी अंकसूची तैयार की गई और फर्जी अंकसूची के आधार पर ही उन्होंने आंगनबाड़ी सहायिका की नौकरी हासिल की। इस मामले में पुलिस ने बीएनएस की धारा 318(2), 318(4), 338, 336(3) ,340(2), 61(2) के तहत अपराध दर्ज किया था। पुलिस ने जांच के बाद फर्जी अंकसूची बनाकर नौकरी हासिल करने वाली महिला आरोपी जारगेम निवासी 29 वर्षीया अरमाना पति शमशेर आलम, महुआडीह निवासी 33 वर्षीय रिजवाना पति अमरुद्दीन, कोठली निवासी 27 वर्षीया प्रियंका यादव पति आशीष यादव व बेलकोना निवासी 26 वर्षीया सुशीला सिंह पति उमा शंकर सिंह को गिरफ्तार किया है। पुलिस द्वारा आरोपी महिलाओं से फर्जी अंकसूची बरामद की गयी है । एएसपी विश्व दीपक त्रिपाठी ने बताया कि इस मामले में जांच चल रही है और यह पता लगाया जा रहा है कि महिलाओं ने फर्जी अंकसूची कहां से हासिल की। इसके साथ ही इस मामले में अन्य फरार चल रहे आरोपियों की तलाश भी जारी है।

- कलेक्टर के निर्देश पर जांच, चार महिलाएं गिरफ्तार

## खबर संक्षेप

### गेमिंग पर नियंत्रण के लिए संसद में पारित बिल ऐतिहासिक



सूरजपुर। महिला बाल विकास एवं समाज कल्याण विभाग की मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने ऑनलाइन गेमिंग पर नियंत्रण के लिए संसद में पारित बिल को ऐतिहासिक बताया। उन्होंने कहा कि यह ऐतिहासिक निर्णय हमारे बच्चों और समाज के उज्वल भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। आज ज्यादातर बच्चे ऑनलाइन गेम की लत के कारण अपनी शिक्षा, स्वास्थ्य और नैतिक मूल्यों से दूर हो रहे थे। यह प्रवृत्ति न केवल परिवारों को बल्कि पूरे समाज को गलत दिशा में ले जा रही थी। प्रधानमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व में लिया गया यह निर्णय बच्चों को नशे जैसी इस लत से मुक्त करेगा और उन्हें सही मार्ग पर आगे बढ़ने का अवसर देगा। हम सभी को मिलकर इस कानून के प्रभावी क्रियान्वयन में सहयोग करना होगा, ताकि देश का भविष्य सुरक्षित और सशक्त बने।

### गणेश चतुर्थी पर पशुवध गृह मांस विक्रय पूर्णतः प्रतिबंधित

**अम्बिकापुर।** नगर पालिका निगम आयुक्त ने बताया कि स्थानीय शासन विभाग के निर्देशानुसार आगामी 27 अगस्त को मनाए जाने वाले गणेश चतुर्थी पर्व के अवसर पर नगर क्षेत्र अंतर्गत सभी पशुवध गृह बंद रहेंगे। साथ ही, मांस, मछली, बकरा, बकरी, मुर्गा, मुर्गी आदि का वध एवं विक्रय पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। यह निर्णय धार्मिक भावनाओं एवं सामाजिक सौहार्द्र को दृष्टिगत रखते हुए लिया गया है। अतः समस्त संबंधित व्यापारियों से कहा गया है कि उपरोक्त दिनांक को किसी भी प्रकार का पशु वध अथवा मांस विक्रय न करें, अन्यथा संबंधित के विरुद्ध विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी।

### छात्रावास में घुसकर चोरी कर रहा युवक रंगे हाथों गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** लाइवलीहुड कॉलेज के बालिका छात्रावास में घुसकर चोरी कर रहे युवक को लोगों ने रंगे हाथों पकड़ लिया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस के अनुसार 24 अगस्त को लाइवली हुड कॉलेज के बालिका छात्रावास में एक अज्ञात युवक घुसकर पंखा और एल्युमिनियम फ्रेंम निकालकर ले जाने की तैयारी कर रहा था। इस दौरान छात्रावास के लोगों ने युवक को पकड़कर पुलिस को इसकी सूचना दी। इस मामले में पुलिस सत्तीपारा कर्बला के समीप रहने वाले 23 वर्षीय अभिषेक सोनी उर्फ छोटू आ. जवाहर सोनी को लाइवली हुड कॉलेज के सहायक परियोजना अधिकारी अकरम खान की शिकायत पर पुलिस ने बीएनएस की धारा 331(3), 305(ए), 62 के तहत गिरफ्तार कर लिया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी गांधीनगर प्रदीप जायसवाल, प्रधान आरक्षक अमित प्रताप सिंह, मुक्ति कुजूर, आरक्षक रमन मण्डल, जानकी राजवाड़े, संजय कुजूर सक्रिय रहे।

## भुगतान नहीं होने से भड़के गन्ना किसान, निकले तालाबंदी करने

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर



कारखाने तालाबंदी का प्रयास करते आक्रोशित किसान।

लंबित बकाया राशि के भुगतान की मांग को लेकर सोमवार को गन्ना किसानों का आक्रोश भड़क उठा। किसानों ने करोड़ों रुपए के भुगतान की मांग को लेकर कारखाना के समक्ष प्रदर्शन किया। इस दौरान किसान कारखाना में तालाबंदी करने के लिए निकल पड़े। इस दौरान पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच जमकर झूमाझटकी हुई। घंटों चले प्रदर्शन के बाद एसडीएम ने 15 दिनों में भुगतान कराए जाने का आश्वासन दिया जिसके बाद किसानों का आन्दोलन समाप्त हुआ।

- शक्कर कारखाना के बाहर प्रदर्शन, जमकर हुई झूमाझटकी

बता दें कि मां महामाया शक्कर कारखाना में गन्ना बेचने वाले किसानों का करोड़ों रुपए का भुगतान लंबित है। भुगतान लंबित होने से किसानों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यही वजह है कि किसानों ने शक्कर कारखाने के सामने प्रदर्शन और कारखाना में तालाबंदी की चेतावनी दी थी। सोमवार को जिपं सदस्य सुरेश आयाम के नेतृत्व में सैकड़ों की संख्या में किसान शक्कर कारखाना का घेराव करने पहुंचे थे। किसानों के इस प्रदर्शन को पूर्व खाद्य मंत्री अमरजीत भगत का भी समर्थन मिला और वे भी आन्दोलन में शामिल हुए। इस दौरान पूर्व मंत्री श्री भगत ने कहा कि भुगतान न होने के कारण किसानों की आर्थिक स्थिति खराब हो गई है। गन्ना किसानों को परेशान किया जा रहा है। इस दौरान जिपं सदस्य सुरेश आयाम ने कहा कि जब तक गन्ना किसानों का भुगतान नहीं किया जाता है उनका प्रदर्शन जारी रहेगा। इस दौरान किसानों ने प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। पुलिस व प्रशासन ने आन्दोलन के मद्देनजर बेरीकेट्स व अन्य सुरक्षा के इंतजाम किए गये थे। प्रदर्शनकारी धरना के बाद कारखाना में तालाबंदी के लिए रैली के रूप में निकल पड़े जिन्हें पुलिस ने रोक लिया। इस दौरान पुलिस व प्रदर्शनकारियों के बीच जमकर झूमाझटकी हुई। घंटों चले प्रदर्शन के बाद एसडीएम ललिता भगत ने 15 दिनों में प्रक्रिया पूर्ण कर भुगतान कराने का आश्वासन दिया जिसके बाद किसानों ने अपना आंदोलन समाप्त किया। इस दौरान किसानों ने ज्ञापन सौंपकर भुगतान कराए जाने की मांग की। इस दौरान पूर्व शक्कर कारखाना अध्यक्ष विद्या सिंह, संजीव श्रीवास्तव, त्रिभुवन सिंह, पंकज तिवारी, नवीन जायसवाल, सुरेश चक्रधारी सहित अन्य मौजूद थे।

## सरगुजा सेवा समिति की बैठक में भाजपा प्रदेश महामंत्री सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



सरगुजा सेवा समिति, नागरिक समिति एवं जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित होने वाले विजयादशमी महोत्सव की प्रथम बैठक का आयोजन सोमवार को श्रीराम मंदिर प्रांगण में किया गया। बैठक में समिति की अध्यक्ष श्रीमती रजनी रवि शंकर त्रिपाठी, उपाध्यक्ष अखिलेश सोनी, भारत सिंह सिसोदिया, महासचिव संजय अग्रवाल, ननि सभापति हरमिंदर सिंह टिन्नी, राजेश कश्यप, राजीव विश्वकर्मा, विद्यानंद मिश्रा, राजीव अग्रवाल, सचिव श्रीमती मधु चौदहा, दूधनाथ गोस्वामी, नरेन्द्र सिंह टुटेजा, आलोक दुबे, करताराम गुप्ता, मधुसूदन शुक्ला, विवेक दुबे, महेंद्र अग्रवाल, मनोज सोनी, मयंक जायसवाल, वीर सोनी, अनुराग शुक्ला, आभाष राज, अमन गुप्ता, अविनाश मंडल, अभिनंदन सिंह, पूनम सिंह, नालिनी पाण्डेय, मुकेश तिवारी तथा पीयूष त्रिपाठी सहित बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित थे। बैठक में सरगुजा सेवा समिति के उपाध्यक्ष अखिलेश सोनी को भाजपा प्रदेश महामंत्री का नवीन दायित्व मिलने पर समिति की अध्यक्ष श्रीमती रजनी रविशंकर त्रिपाठी व पदाधिकारियों ने उन्हें शॉल व पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। बैठक में आगामी दशहरा पर्व पर विजय दशमी महोत्सव का आयोजन एतिहासिक रूप से करने निर्णय लिया गया।

## चोरों ने अलग-अलग क्षेत्र से पार की दो बाइक

**अम्बिकापुर।** राजपुर खुटनपारा निवासी श्रेयस सिन्हा आ. स्व. अनुज कुमार सिन्हा (23 वर्ष) नमनाकला कार्मेल स्कूल के समीप किराए के मकान में रहकर व्यवसाय करता है। 21 अगस्त की रात बाइक क्रमांक सीजी 15 ईजी 2567 को किराए रूम के सामने खड़ा किया था। सुबह उठा तो देखा बाइक अपनी जगह से गायब थी। काफी खोजबीन के बाद जब बाइक का कहीं पता नहीं चला तो बगल के घर में लगे सीसीटीवी फुटेज देखा तो पता चला कि अज्ञात व्यक्ति बाइक चोरी कर ले जाते नजर आया। युवक ने घटना की रिपोर्ट गांधीनगर थाने में दर्ज कराई। दूसरी घटना में केनाबांध निवासी घनश्याम पाण्डेय आ. स्व. धर्मदेव पाण्डेय ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराया है कि बाइक क्रमांक सीजी 15 डीएन 5809 को 22 अगस्त की रात घर के सामने खड़ा किया था। दूसरे दिन सुबह 6 बजे उठा तो देखा बाइक अपनी जगह से गायब थी। काफी खोजबीन के बाद बाइक का कहीं पता नहीं चला। पुलिस ने दोनो मामलों मे अज्ञात के विरूद्ध अपराध दर्ज किया है।

### गड्ढे में टायर फटने से अनियंत्रित हुई कार, बेतरतीब खड़े ट्रक से टकराई, रेलवे स्टेशन के समीप हुई घटना

# जर्जर सड़क और भारी वाहनों की लापरवाही से गई युवक की जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर




शहर की जर्जर सड़क और भारी माल वाहक वाहन चालकों की लापरवाही एक बार फिर से एक युवक की मौत का कारण बन गई। एनएच 43 पर रेलवे स्टेशन के समीप बड़े गड्ढे के कारण टायर फटने से कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई जबकि कार चालाक युवा ठेकेदार की मौत हो गई। गनीमत रही कि घटना के दौरान कार सवार दो अन्य युवक बाल बाल बच गए। इस घटना के बाद क्षेत्र में आक्रोश का माहौल है। जर्जर सडक पर बने गड्ढों के कारण लोग दुर्घटना के शिकार हो रहे है लेकिन इन बड़े बड़े गड्ढों को भरने के लिए प्रशासन कोई ध्यान नहीं दे रहा है। बताया जा रहा है कि शहर के गोधनपुर निवासी युवा ठेकेदार और कांग्रेस नेता 26 वर्षीय अतुल सिंह आ. मनोज सिंह रविवार को अपने किसी दोस्त के जन्मदिन की पार्टी में शामिल होने के लिए मित्र आशीष गुप्ता और आशुतोष के साथ सिलफिली जाने के लिए ब्रेजा कार क्रमांक सीजी 15 इसी 9253 से निकले थे। इस दौरान देर शाम लगभग 7.30 बजे जैसे ही वे एनएच 43 पर अजिरमा अशोक लीलैंड के समीप पहुंचे थे कि सड़क किनारे एक गड्ढे से बचने के लिए चालक ने दूसरी ओर कार को मोड़ा लेकिन दूसरी ओर पानी से भरा एक बड़ा गड्ढा था। गड्ढे में वाहन के जाते ही टायर फट गया जिससे चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया और तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सीधे एक स्वराज माजदा में पीछे से टकरा गई। इस ट्रक को चालक ने लापरवाही पूर्वक और गलत तरीके से खड़ा किया था। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार के एयर बैग खुलने के बाद फट गए और कार के सामने का हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया।

#### लगातार हुई तीन घटनाएं

एनएच 43 पर जिस ट्रक से टकराकर अतुल सिंह की मौत हुई उस ट्रक से टकराकर और दो घटनाएं हुई है। बताया जा रहा है कि नमनाकला निवासी रुपेश अग्रवाल दुर्घटना कारित करने वाले स्वराज माजदा में सवार था। इस घटना की सूचना मिलने के बाद रुपेश अग्रवाल का भाई मनोज अग्रवाल भी मौके पर अपनी क्रेटा कार क्रमांक सीजी 15 ईएच 2823 से पहुंचा था। युवक अपनी कार को खड़ी कर दुर्घटना को देख रहा था इसी दौरान जर्जर सड़क के कारण अनियंत्रित होकर एक अन्य कार क्रमांक सीजी 15 डीएक्स 2359 क्रेटा कार से टकरा गई। वहीं इसी दौरान कार की चपेट में आकर एक बुलेट बाइक भी क्षतिगस्त हो गई। गनीमत रही कि इस घटना में किसी को कोई गंभीर चोट नहीं आई है। इस मामले में पुलिस नें बीएनएस की धारा 281 के तहत कार चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है।

#### अस्पताल ले जाते समय तोडा दम

इस सड़क दुर्घटना के बाद गंभीर रूप से घायल अतुल सिंह को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके साथ ही कार सवार आशीष गुप्ता और आशुतोष को मामूली चोटें आई थी। मृतक अतुल सिंह ने एमएससी एग्री कल्चर की पढाई की थी लेकिन बाद में वह अपने चाचा के साथ ठेकेदारी कर रहा था। युवक की एक दो साल की बच्ची भी है। इस घटना के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है। सोमवार को मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द किया गया। वहीं शंकरघाट स्थित मुक्तिधाम में युवक का अंतिम संस्कार किया गया जिसमें बड़ी संख्या में नगरवासी शामिल हुए।

#### लोगों में रोष का माहौल

इस दुर्घटना का मुख्य कारण जर्जर सड़क है। राष्ट्रीय राजमार्ग की इस सड़क पर कई बड़े बड़े गड्ढे है जो दुर्घटना का कारण बन रहे है। लोगों का कहना था कि यदि सड़क पर बने इन गड्ढों को समय पर जिला प्रशासन द्वारा भरवा दिया गया होता तो युवक की जान नहीं जाती। सड़क पर गड्ढा इतना बड़ा था कि कार का टायर फट गया।

## खबर संक्षेप

### मेजर ध्यानचंद जयंती 29 को

**मनेन्द्रगढ़।** हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती के अवसर पर प्रतिवर्ष की भॉति इस वर्ष भी राष्ट्रीय खेल दिवस बड़े ही उत्साह और गरिमा के साथ मनाया जाएगा। इस उपलक्ष्य में शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मनेन्द्रगढ़ के खेल मैदान में 29 अगस्त को अपरान्ह 12 बजे से भव्य खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ होगा।

### छात्र की पिटाई पर सर्व आदिवासी समाज नाराज

**मनेन्द्रगढ़।** भरतपुर विकासखंड के अंतर्गत शासकीय विद्यालय कोटाडोल में शिक्षक द्वारा छात्र की बर्बर पिटाई का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद सर्व आदिवासी समाज छग ने गंभीर संज्ञान लिया है। समाज ने तथ्यात्मक जांच के लिए 5 सदस्यीय समिति गठित की है। इसमें गुलाब कमरो, शरण सिंह, बिजयराज सिंह, भगवान सिंह खैरवार एवं संतोष कमरो को शामिल किया गया है। समाज के प्रांताध्यक्ष शिशुपाल शोरी ने कहा कि यह घटना अत्यंत निंदनीय है, दोषियों पर कठोर कार्रवाई अनिवार्य है।

### 9 जुआरी गिरफ्तार, 61 हजार नकद बरामद

**मनेन्द्रगढ़।** मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के मनेन्द्रगढ़ कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत पुरानी बस्ती में रविवार शाम लगभग 4:30 बजे पुलिस ने जुआ खेल रहे 9 लोगों पर छापामार कार्रवाई की। छापेमारी में पुलिस ने मौके से 61510 नगद, 5 मोटरसाइकिल एवं जुए के अन्य सामान जब्त किए। पकड़े गए सभी आरोपी मनेन्द्रगढ़ नगर के ही निवासी बताए जा रहे हैं। थाना प्रभारी सुनील तिवारी ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने छापा मारकर 9 लोगों को जुआ खेलते रंगे हाथों पकड़ा है। सभी के खिलाफ जुआ अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। इस तरह की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। जुआ एक सामाजिक बुराई है और लोगों को इससे दूर रहना चाहिए।

### छापामार कार्रवाईः 14 लीटर अवैध शराब जब्त

**बैकुंठपुर।** जिला आबकारी विभाग के अधिकारी रमेश अग्रवाल की टीम ने अवैध शराब बनाने, बेचने एवं तस्करी करने वालों के विरूद्ध सोमवार को छापामार कार्रवाई की गई। बैकुंठपुर जनपद के ग्राम कोदवारीडाड़ में अवैध शराब बनाकर बेचने की सूचना पर आबकारी टीम ने छापेमारी की और मौके पर श्रीमती चंपावती पति रामपाल के घर की तलाशी में 8 लीटर अवैध शराब एवं सोमपाल पिता बसंत के घर से 6 लीटर इस तरह 14 लीटर अवैध शराब बरामद की गई। दोनों आरोपियों को आबकारी एक्ट के धारा 34 (2) के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय प्रस्तुत किया गया, तथा आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में 5 लीटर से अधिक मात्रा में अवैध मदिरा रखने पर एक से दो वर्ष तक जेल और 25 हजार से 1 लाख रूपए तक दंड के प्रावधान है। आरोपी के दूसरी बार अवैध शराब रखने पर सजा दो से पांच साल तक और जुर्माना 50 हजार से 2 लाख रूपए तक किए जाने का प्रावधान है। वाहन में अवैध शराब रखे पाए जाने पर कलेक्टर न्यायालय द्वारा वाहन को राजसात कर नीलामी किए जाने की भी आबकारी एक्ट में प्रावधान है।

### अग्निवीर भर्ती के लिए निःशुल्क पंजीयन 5 तक

**बैकुण्ठपुर।** जिला रोजगार अधिकारी से प्राप्त जानकारी दी है कि राष्टीय रोजगार सेवा छग, जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र बैकुंठपुर द्वारा भारतीय थल सेना अग्निवीर भर्ती वर्ष 2025-26 के अंतर्गत, थल सेना भर्ती कार्यालय रायपुर द्वारा कम्प्यूटर आधारित परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शारीरिक दक्षता प्रशिक्षण जिसके अंतर्गत 1.6 किमी दौड़, बीम पुल-अप, 9 फीट गड्ढ़ा कूदना सहित अन्य शारीरिक दक्षता गतिविधियों का निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिले के इच्छुक अभ्यर्थी जो कम्प्यूटर आधारित परीक्षा में सफल हो, वे परीक्षा में उत्तीर्ण हुए, अभ्यर्थी संबंधी समस्त दस्तावेजों के साथ स्वयं कार्यालयीन समय पर जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र बैकुंठपुर स्थान कलेक्ट्रेट परिसर जिला पंचायत के बगल में 5 सितंबर तक अनिवार्य रूप से उपस्थित होकर अपना पंजीयन कराएं।

---

**इको फ्रेंडली मिट्टी की बनाई गई गणेश प्रतिमा** | **पूजा पंडालों में तैयारियां अंतिम दौर में, 10 दिन बहेगी भक्ति की बयार**

# कल जगह-जगह विराजेंगे विघ्नहर्ता भगवान गणेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

प्रथम पूज्य भगवान गणेश के पूजा-अर्चना के लिए पूजा पंडाल बनाने की तैयारियां अंतिम दौर में हैं। इस समय पंडालों के आस-पास साफ-सफाई का कार्य चल रहा है।

27 अगस्त को गणेश चतुर्थी पर शुभ मुहूर्त में पूजा पंडालों में गणेश जी की प्रतिमा स्थापना कर पूजा-अर्चना विधि-विधान के साथ आगामी 10 दिनों के लिए शुरू होगा। शहर से लेकर गांव-गांव में गणेश पूजा की धूम रहती है। बैकुंठपुर शहर में ही कई जगहों पर गणेश जी की प्रतिमा स्थापित कर विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना की जाती है, इसके अलावा जिले के कई गांव में भी उल्लास के साथ गणेश पूजा मूर्ति स्थापित कर किया जाता है, इसके अलावा कई श्रद्धालुओं के द्वारा अपने घरों में गणेश जी की छोटी मूर्ति स्थापित कर पूजा-अर्चना विधि-विधान के साथ किया जाता है। गणेश पूजा की तैयारी को लेकर विभिन्न पूजा समितियों के द्वारा तैयारियां शुरू कर दी है। जहां 27 अगस्त को आकर्षक





पंडालों के बीच भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित कर पूजा की शुरूआती की जाएगी और आगामी 10 दिनों तक गणेश पूजा की धूम रहेगी। गणेश चतुर्थी को लेकर मूर्तिकारों ने भी अपनी तैयारी पूरी कर ली है। शहर के कई क्षेत्रों में जून के महीने से ही मूर्तिकार पहुंच कर प्रतिमा बनाने में जुट गए थे। लगभग सभी जगहों पर पश्चिम बंगाल के मूर्तिकारों का दल शहर पहुंच कर बरसात शुरू होने के पूर्व से ही गणेश जी की प्रतिमा बनाने शुरू कर दिए थे ,जिन्हें अब सभी जगहों के मूर्तिकार गणेश प्रतिमाओं को सजाकर अंतिम रूप दे दिए हैं। मूर्तिकारों के पास से एक दिन पूर्व से गणेश प्रतिमाओं का उठाव पूजा समितियों द्वारा किया जाएगा।

### तीन हजार तक की मूर्तियां

शहर के स्कूलपारा के सड़क किनारे मूर्तिकारों के द्वारा बड़ी संख्या में गणेश भगवान की मूर्तियां बनाई गई है। यहां के मूर्तिकारों ने बताया कि उनके यहां 300 से लेकर 3 हजार तक की गणेश जी की मूर्तियां उपलब्ध हैं, इनमें से कई तो आर्डर पर बनाए गए हैं तो कई मूर्तियां बिना आर्डर की हैं। मूर्तिकारों ने बताया कि यहां इको फ्रेंडली मिट्टी के गणेश प्रतिमा बनाई गई हैं। गणेश जी की मूर्तिया विक्रय करने के साथ ही देवी दुर्गा की प्रतिमा भी बनाई गई और बनाई जा रही है, जिसे पूरा करने में जुट जाएंगे।

---

**घरों में घुसा पानी, एनएच 43 पर भी जलभराव**

# भारी बारिश से नाला उफान पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरचा कॉलरी

कोयलांचल क्षेत्र में हुई भारी बारिश ने नगर पालिका शिवपुर चरचा के वार्ड क्रमांक 4 और 5 के निवासियों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। सोमवार को नाले का पानी उफान मारकर पुलिया पार कर आसपास की झोपड़ियों और घरों में घुस गया। क्षेत्रवासियों का कहना है कि इस नाले का पानी आज तक इतना उफान पर कभी नहीं आया था। अचानक हुई इस स्थिति से लोग परेशान हो गए।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि नगर पालिका को नाले की नियमित सफाई और जल निकासी की समुचित व्यवस्था करनी चाहिए, ताकि भविष्य में ऐसी समस्या न हो। साथ ही एसईसीएल और पालिका को मिलकर नाले और पुलिया की मरम्मत करने की भी आवश्यकता है। इसी तरह एनएच 43 पर रेलवे ऑफिस के सामने भी जलभराव की गंभीर समस्या देखने को मिली। यहां पानी भरने से यातायात प्रभावित हुआ और राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। यह समस्या जल निकासी व्यवस्था की खराबी और अधूरी सड़क निर्माण के कारण और अधिक गंभीर हो रही है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि रेलवे और एनएच को मिलकर इस समस्या का स्थायी समाधान निकालना होगा। नालियों की नियमित सफाई, सड़क मरम्मत और निर्माणाधीन हिस्सों को शीघ्र पूरा करने से जलभराव की समस्या कम की जा सकती है।



बारिश से सड़क पर भरा पानी।



मौके पर वार्डवासी।



घरों में घुसा पानी।

### विधायक, कलेक्टर ने किया पौधरोपण

**चरचा कॉलरी।** नगर पालिका शिवपुर चरचा के फिल्टर प्लांट परिसर में सोमवार को पौधरोपण के साथ शव वाहन, मर्चुरी फ्रिजर और डोर-टू-डोर कचरा वाहन का लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक भईयालाल राजवाड़े और कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता नपा अध्यक्ष अरूण कुमार जायसवाल ने की।



पौधरोपण करते अतिथि।

---



# एसईसीएल अंतर क्षेत्रीय शतरंज प्रतियोगिता

**बैकुण्ठपुर।** एसईसीएल कंपनी के संयुक्त सलाहकार समिति, कंपनी कल्याण मंडल एवं कंपनी सुरक्षा समिति के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में बैकुंठपुर क्षेत्र में अंतर क्षेत्रीय शतरंज प्रतियोगिता का समापन समारोह 23 अगस्त को आयोजित किया गया।

दो दिन तक चली इस प्रतियोगिता में एसईसीएल के 15 क्षेत्रों की टीमों के लगभग 100 प्रतिभागियों ने अपना कौशल दिखाया। टीम इवेंट में मुख्यालय बिलासपुर की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि द्वितीय स्थान दीपका क्षेत्र की टीम को मिला और तृतीय स्थान हसदेव क्षेत्र की टीम के हिस्से में गया। कार्यक्रम के आरंभ में बैकुंठपुर क्षेत्र के मानव संसाधन विभागाध्यक्ष ललित प्रकाश तिर्की ने सभी अतिथियों का स्वागत किया और प्रतियोगिता की जानकारी साझा की। समापन समारोह के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय महाप्रबंधक बीएन झा ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी और अन्य प्रतिभागियों को भविष्य में बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। सभी अतिथियों द्वारा विभिन्न वर्गों में खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया। प्रतिभागियों ने इस आयोजन की सराहना करते हुए बैकुंठपुर प्रबंधन को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर बैकुंठपुर क्षेत्र के सभी विभागाध्यक्ष, जेसीसी, कल्याण समिति, सुरक्षा समिति, सिस्टा प्रतिनिधि एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

- बिलासपुर मुख्यालय की टीम प्रथम

---

# आवास निर्माण की बागडोर जल्द संभालेंगी महिला राजमिस्त्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कोरिया जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत आवास निर्माण कार्यों को गति देने अब महिलाएं भी राजमिस्त्री के रूप में योगदान देंगी।

जिले में वर्तमान में 9,441 आवास स्वीकृत हैं, जिनमें से 3,732 पूर्ण हो चुके हैं जबकि 5,709 आवासों का निर्माण कार्य प्रगति पर है। बड़ी संख्या में निर्माण कार्य होने के कारण राजमिस्त्रियों की आवश्यकता को देखते हुए जिला प्रशासन ने युवाओं और महिलाओं दोनों को कौशल विकास प्रशिक्षण देने की पहल शुरू की है। कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के निर्देशन में ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) द्वारा युवाओं और महिलाओं को राजमिस्त्री का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। चयनित महिलाएं बिहान योजना के तहत स्व-सहायता समूहों से जुड़ी हुई हैं। पहला प्रशिक्षण बैच ग्राम पंचायत बुढ़ार में 35 युवाओं को दिया गया था। प्रत्येक बैच को एक माह का नियमित प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। अब तक 35 युवाओं का प्रशिक्षण और एसेसमेंट पूर्ण हो चुका है। प्रशिक्षण की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए सहायक परियोजना अधिकारी (मनरेगा), आवास योजना ग्रामीण के जिला समन्वयक और सहायक अभियंता को निरीक्षण की जिम्मेदारी दी गई है। प्रशिक्षण स्थल का आकस्मिक निरीक्षण और प्रतिभागियों से फीडबैक लिया जा रहा है। 100 युवा और महिलाएं बनेंगे राजमिस्त्री आरसेटी के माध्यम से शुरूआती चरण में 100 युवाओं को प्रशिक्षित किया जा रहा है। इनमें से पहला बैच प्रशिक्षित होकर कार्य के लिए तैयार है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने बताया कि प्रशिक्षित युवाओं की पहली टीम सोनहत क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास निर्माण को गति देगी।

- पीएम आवास को गति देने युवाओं के साथ महिलाओं का प्रशिक्षण



---

# ड्यूटी करने से किया मना, कलेक्टर से की गई शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

एमसीबी जिले में बीते वर्ष परियोजना खड़गवां अंतर्गत कई आंगनबाड़ी केन्द्रों में सहायिकाओं की नियुक्ति प्रक्रिया पूरी की गई थी, इसके पश्चात कार्यालय परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना खड़गवां द्वारा दिसंबर 2024 में नवनियुक्त आंगनबाड़ी सहायिकाओं को नियुक्ति आदेश जारी किया गया था।

नवनियुक्त सहायिकाओं के द्वारा आदेश के पालन में अपने चयनित आंगनबाड़ी केन्द्रों में बतौर सहायिका पद पर अपनी उपस्थिति देकर पालन प्रतिवेदन विभाग के अधिकारी को भेजा और नवनियुक्त आंगनबाड़ी सहायिकाओं के द्वारा अपनी ड्यूटी की जाने लगी। इस तरह पांच माह मई माह तक नव नियुक्त कुछ आंगनबाड़ी केन्द्र की सहायिकाओं ने कार्य किया, इसके पश्चात उन्हें जून में कार्य पर उपस्थित नहीं होने के मौखिक निर्देश आंगनबाड़ी केन्द्र के कार्यकर्ताओं के द्वारा दिया गया कि अधिकारी का निर्देश है कि वे कार्य पर अगले आदेश मिलने तक नहीं आएंगे। इस निर्देश के बाद परियोजना खड़गवां अंतर्गत कुछ आंगनबाड़ी केन्द्र जहां नवनियुक्त सहायिकाएं अपनी ड्यूटी पर नहीं आने लगी, लेकिन अब तक उन्हें कार्य पर नहीं बुलाया गया, इसे लेकर नवनियुक्त आंगनबाड़ी सहायिकाएं परेशान हैं और उन्हें कार्य करने पर मानदेय भी नहीं मिल रहा है। इस तरह पॉच माह तक कार्य करने के बाद नवनियुक्त कुछ स्थानों के आंगनबाड़ी सहायिकाएं बेरोजगार हो गए हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार खड़गवां परियोजना में वर्ष 2024 में हुई आंगनबाड़ी सहायिका भर्ती को लेकर विभागीय अधिकारियों के पास लेन-देन कर भर्ती किए जाने की शिकायत के बाद खड़गवां के परियोजना के महिला बाल विकास अधिकारी के द्वारा कुछ जगहों के आंगनबाड़ी केन्द्रों के नवनियुक्त सहायिकाओं को मौखिक रूप से कार्य पर तब तक न आने के निर्देश दिए गए, जब तक की जांच पूरी नहीं हो जाती, लेकिन संभवतः अब तक शिकायत की जांच पूरी नहीं हो पाई है।

### मौखिक आदेश पर काम पर नही आने के निर्देश

महिला बाल विकास परियोजना खड़गवां के अधिकारी के द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्रों में लेन-देन कर सहायिका भर्ती की शिकायत मिलने पर कुछ जगहों के नवनियुक्त सहायिकाओं को काम पर नहीं आने की सूचना संबंधित कार्यकर्ताओं के माध्यम से दिए गए किसी भी सहायिकाओं को कार्य पर नहीं आने को लेकर लिखित आदेश नहीं दिए गए हैं, जबकि नवनियुक्त सहायिकाओं को चयन पश्चात चयनित केन्द्रों में ज्वाईनिंग के लिए लिखित आदेश दिए गए थे तो फिर उन्हें मौखिक आदेश से कार्य पर न आने का निर्देश कैसे दिया गया ,क्या महिला बाल विकास विभाग में मौखिक निर्देश पर किसी को नौकरी से निकाला जा सकता है यह महत्वपूर्ण प्रश्न है।

### कलेक्टर से की गई शिकायत

एकीकृत परियोजना कार्यालय महिला बाल विकास परियोजना खड़गवां के अधिकारी द्वारा मनमानी मौखिक आदेश को लेकर खड़गवां परियोजना अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्रों में कुछ केन्द्रों के नवनियुक्त सहायिकाओं के द्वारा कलेक्टर एमसीबी के पास शिकायत देकर मामले में उचित कार्रवाई की मांग की। मिली जानकारी के अनुसार खड़गवां परिजन के अंतर्गत ग्राम नेवरी के आंगनबाड़ी केन्द्र घोकवापारा में नव नियुक्त सहायिका कुमारी कृष्णा सिंह ने कलेक्टर को शिकायत कर पुनः कार्य पर लिए जाने की मांग की, इसके अलावा अन्य पीड़ितों ने भी कलेक्टर को शिकायत दी है।

---

### केल्हारी में निःशुल्क आयुर्वेदिक स्वास्थ्य शिविर

**मनेन्द्रगढ़।** छग आयुष विभाग के निर्देशानुसार जिला आयुष अधिकारी के तत्वावधान में ग्राम पंचायत केल्हारी में ब्लॉक स्तरीय निःशुल्क आयुर्वेदिक स्वास्थ्य एवं जनजागरूकता शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस शिविर में विभिन्न बीमारियों का उपचार आयुर्वेद एवं होम्योपैथिक पद्धति से किया गया, कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम पंचायत केल्हारी की सरपंच श्रीमती आशा पाव, जनपद सदस्य श्रीमती ज्योति गुप्ता और विधायक प्रतिनिधि रवि गुप्ता उपस्थित रहे। उनके मार्गदर्शन और सहयोग से शिविर का वातावरण और भी प्रेरणादायी बना। सुबह 10 से शाम 4 बजे तक चली, जिसमें इस शिविर में कुल 576 मरीजों ने उपचार प्राप्त किया। इनमें से 430 मरीजों का उपचार आयुर्वेदिक पद्धति से और 146 मरीजों का उपचार होम्योपैथी पद्धति से किया गया। मरीजों को गठिया, अपच, साइटिका, जोड़ों का दर्द, डायबिटीज, उच्च रक्तचाप, बवासीर, श्वास रोग, खांसी-जुकाम, माइग्रेन, स्त्री रोग, मोटापा, चर्म रोग और पाचन संबंधी समस्याओं के लिए निःशुल्क परामर्श और उपचार उपलब्ध कराया गया।

---

**अंधेरे से होकर गुजरना लोगों के लिए खतरे से खाली नहीं**

# महीनों से स्ट्रीट लाइट बंद, निगम की सुस्ती से लोगों में आक्रोश

**बरसात में सांप- बिच्छू और जहरीले कीड़ों का बढ़ जाता है प्रकोप**



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरिया कॉलरी

वार्ड क्रमांक 6 और 7 में महीनों से स्ट्रीट लाइट बंद पड़ी हुई हैं। बरसात के मौसम में जब सांप-बिच्छू और जहरीले कीड़ों का प्रकोप बढ़ जाता है, ऐसे में अंधेरे से होकर गुजरना लोगों के लिए खतरे से खाली नहीं है। खासकर कोचिंग पढ़ने जाने वाले छोटे-छोटे बच्चों और कामकाजी लोगों को रोजाना परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

जानकारी के अनुसार कोरिया कॉलरी में छग राज्य विद्युत व्यवस्था बहाल नहीं है। लगभग एक वर्ष पूर्व पोड़ी कालरी से कोरिया कालरी तक सिर्फ स्ट्रीट लाइट के लिए राज्य विद्युत विस्तार किया गया था, लेकिन यह व्यवस्था कोरिया के नजदीक आकर ही समाप्त हो जाती है। पहले एसईसीएल और निगम की संयुक्त व्यवस्था से कॉलोनियों में स्ट्रीट लाइटें जलती थीं, पर अब वह भी ठप हो चुकी है। निगम द्वारा लगाए गए पोलों की स्थिति जर्जर हो चुकी है। कहीं टूटे-फूटे स्विच बॉक्स लटके हैं, तो कहीं बल्ब ही नहीं लगे हैं। इस लापरवाही से आम जनता में आक्रोश बढ़ रहा है। लोग पार्षदों और निगम प्रशासन पर असंतोष जताते हुए समस्या के समाधान की मांग कर रहे हैं।

विद्युत प्रभारी नगर पालिक निगम चिरमिरी संतु राणा ने कहा कि निगम की विद्युत व्यवस्था सिर्फ अंबेडकर चौक तक ही पहुंच पाई है, बाकि इलाकों में एसईसीएल के सहयोग से स्ट्रीट लाइट चलती थीं। जहां भी समस्या आती है, वहां जल्दी टीम भेजकर दुरूस्त करवाता हूं। वार्ड पार्षद 6 संदीप सोनवानी का कहना है कि हर दिन स्ट्रीट लाइट की समस्या से निगम को अवगत कराता हूं। अधिकारी रोज आने की बात करते हैं, लेकिन आते कभी नहीं।



---

# सड़क सुरक्षा विषयक पर वाद-विवाद

**मनेन्द्रगढ़।** सड़क सुरक्षा जैसे गंभीर और जीवनोपयोगी विषय को समाज के बीच नई चेतना देने के उद्देश्य से स्वामी आत्मानंद शासकीय इंग्लिश स्कूल भरतपुर के ऑडिटोरियम हॉल में विकासखंड स्तरीय वाद-विवाद प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का मुख्य विषय सड़क सुरक्षा-जीवन रक्षा रखा गया। इस पर हाईस्कूल और हायर सेकेंडरी स्तर के छात्र-छात्राओं ने पक्ष और विपक्ष में अपने तर्कों और विचारों को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। इस प्रतियोगिता में विकासखंड के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भरतपुर, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुंवारपुर, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कंजिया, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जनकपुर, शासकीय हाई स्कूल खमरौध, सेजेस भरतपुर, न्यू लाइफ इंग्लिश स्कूल जनकपुर तथा वंदना शिक्षा निकेतन जनकपुर से कुल 24 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।


आदरणीय
श्री राजेश अग्रवाल जी
को कैबिनेट मंत्री छ.ग. शासन
बनाये जाने पर
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
विक्की गुप्ता
शाखा प्रबंधक
जिला सहकारी केन्द्रीय मर्या. बैंक उदयपुर
प्रेम कुमार राजवाड़े
समिति प्रबंधक - उदयपुर
जनक दास
समिति प्रबंधक
सलका
रोशनी सिंह
समिति प्रबंधक - खम्हरिया
सुरेन्द्र सिंह
समिति प्रबंधक - डांड़गांव
डुमेश्वर प्रजापति
समिति प्रबंधक - केदमा
विनीत :- समस्त कर्मचारीगण आदिम जाति सेवा सहकारी समिति - उदयपुर, सलका, खम्हरिया, डांड़गांव, केदमा
डॉ.योगेन्द्र पैकरा
खण्ड चिकित्सा अधिकारी
सचिव - जीवनदीप समिति
सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, उदयपुर
प्रताप सिंह
सरपंच
ग्राम पंचायत- उदयपुर
शेखर कुमार सिंहदेव
उप सरपंच
ग्राम पंचायत- उदयपुर
सावन बंसल
भाजपा नेता
ग्राम पंचायत- उदयपुर
खेलो सिंह
सचिव
ग्राम पंचायत- उदयपुर
कलावती सिरदार
सरपंच
ग्राम पंचायत- लक्ष्मणगढ़
विजय सिरदार
सरपंच प्रतिनिधि
ग्राम पंचायत- लक्ष्मणगढ़
डालेश्वर यादव
भाजपा नेता
ग्राम पंचायत- लक्ष्मणगढ़
नेपाल सिंह
सचिव
ग्राम पंचायत- लक्ष्मणगढ़
रमुनिया पोर्ते
सरपंच
ग्राम पंचायत- पलका
समयलाल पोर्ते
सरपंच प्रतिनिधि
ग्राम पंचायत- पलका
मनीनाथ
सचिव
ग्राम पंचायत- पलका
कलिंदर राम
रोजगार सहायक
ग्राम पंचायत- पलका
श्यामा बाई आयाम
सरपंच
ग्राम पंचायत- फुलचुही
हुकुम सिंह
सरपंच प्रतिनिधि
ग्राम पंचायत- फुलचुही
रिशु अग्रवाल
ग्राम पंचायत
डांड़गांव
शिव कुमार पैकरा
सचिव
ग्राम पंचायत- फुलचुही
राधेश्याम जायसवाल
उदयपुर
आशीष कुमार अग्रवाल
बिशुनपुर (उदयपुर)

## खबर संक्षेप




### ओपीएस के 4 खिलाड़ियों ने नेशनल बॉक्सिंग में जीता गोल्ड

**अम्बिकापुर।** ओरिएण्टल पब्लिक स्कूल के विद्यार्थी मोहम्मद अली, अंश कुमार, अक्षत गुप्ता एवं अनुराग प्रताप सिंह ने नेशनल यूथ गेम्स बॉक्सिंग चैम्पियनशिप में अलग-अलग भार वर्गों में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया है। गोवा के मडगांव स्थित चौगुले स्पोर्ट्स कॉलेज में नेशनल यूथ गेम्स एण्ड एजुकेशन फेडरेशन इंडिया के तत्वाधान में 17 अगस्त से 19 अगस्त तक आयोजित राष्ट्रीय स्पर्धा में पूरे देश के 450 बॉक्सिंग खिलाड़ियों ने भागीदारी की। कठिन स्पर्धा में ओपीएस के मोहम्मद अली ने 17 वर्ष 66 कि.ग्रा., अंश कुमार ने 17 वर्ष 46 किग्रा, अक्षत गुप्ता ने 17 वर्ष 90 किग्रा एवं अनुराग प्रताप सिंह ने 17 वर्ष, 90 किग्रा भारी वर्ग में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीतकर सफलता का परचम लहराया। विद्यार्थियों के इस उपलब्धि पर विद्यालय के संस्थापक प्राचार्य डॉ.आईए खान सूरी ने विजेता खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी है।

### शिवनंदनपुर निकाय चुनाव के लिए भाजपा ने दीपेंद्र को नियुक्त किया संयोजक

**विश्रामपुर।** आगामी नगर पंचायत शिवनंदनपुर नगरीय निकाय चुनाव को सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने के लिए भारतीय जनता पार्टी ने अपनी तैयारी तेज कर दी है।



इसी कड़ी में संगठन ने चुनावी संचालन की कमान नपं बिश्रामपुर उपाध्यक्ष दिपेन्द्र सिंह चौहान को सौंपी है। पार्टी के जिलाध्यक्ष मुरली मनोहर सोनी की तरफ से जारी आदेश के अनुसार नपं उपाध्यक्ष दीपेंद्र सिंह चौहान को शिवनंदनपुर चुनाव संयोजक की जिम्मेदारी दी गई है,नपं उपाध्यक्ष दीपेंद्र सिंह चौहान अपनी प्रतिबद्धता और संगठनात्मक दक्षता के लिए लंबे समय से पार्टी में सक्रिय भूमिका निभाते आ रहे हैं,ऐसे में उनसे अपेक्षा है कि वे चुनाव की हर गतिविधि को समन्वयित कर पार्टी को मजबूती प्रदान करेंगे,पार्टी सूत्रों का कहना है कि चुनाव को लेकर शिवनंदनपुर क्षेत्र में भाजपा पूरी रणनीति बना चुकी है, बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं को सक्रिय किया जा रहा है और मतदाताओं से सीधा संवाद स्थापित करने की योजना तैयार की गई है, दीपेंद्र सिंह चौहान की नियुक्ति से संगठन कार्यकर्ताओं में हर्ष व्याप्त है।

### सीआईएल में अनुकंपा नौकरी और आवास मुद्दे पर 5 सितम्बर को बैठक

**बिश्रामपुर।** देश की सबसे बड़ी कोयला उत्पादक कंपनी कोल इंडिया लिमिटेड के कर्मचारियों और उनके परिवारों से जुड़े दो बड़े मुद्दों पर जल्द ही निर्णायक कदम उठाए जाने वाले हैं,इसके लिए कंपनी प्रबंधन और विभिन्न श्रमिक संगठनों की संयुक्त बैठक 5 सितंबर को नई दिल्ली में आयोजित की जा रही है,यह बैठक न सिर्फ अनुकंपा नियुक्ति बल्कि सीआईएल के लाखों क्वार्टर और आवास प्रबंधन पर भी ऐतिहासिक फैसला कर सकती है,सूत्रों की मानें तो बैठक में मुख्य रूप से कंपनी प्रबंधन ने संकेत दिए हैं कि अनुकंपा नौकरी की प्रक्रिया को पारदर्शी और सरल बनाने पर ठोस निर्णय लिए जाएंगे। बैठक में यह स्पष्ट किया जाएगा कि किन परिस्थितियों में आवेदन किया जा सकता है,किसे प्राथमिकता मिलेगी और किस तरह से नौकरी आबंटित की जाएगी।ट्रेड यूनियन प्रतिनिधि चाहते हैं कि हर योग्य परिवार को जल्द से जल्द लाभ मिले ताकि असमय दिवंगत कर्मचारियों के परिवार आर्थिक संकट से उबर सकें,कोल इंडिया के पास 7 लाख से अधिक आवास हैं,जबकि वर्तमान कर्मचारियों की संख्या लगभग 3 लाख के आसपास है।बड़ी संख्या में क्वार्टर खाली पड़े हैं और कई जगहों पर उनके जर्जर होकर खंडहर में बदलने का खतरा बना हूआ है,बैठक में इन सरप्लस क्वार्टरों को कैसे सुरक्षित रखा जाए और किन्हें उपलब्ध कराया जाए, के मुद्दे पर भी चर्चा होने की संभावना है।चर्चा है कि इन्हें ठेका मजदूरों,आउटसोर्सिंग कर्मियों और जरूरतमंद श्रमिकों को आबंटित किया जा सकता है।

## जंगल में आरा चलाकर बना रहे सिल्ली

# टाइगर रिजर्व का भी जंगल नहीं है सुरक्षित तस्कर बेखौफ होकर कर रहे पेड़ों की कटाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर/बिहारपुर

**खास बात**

- चिरान की पैदल व बाइक से खपा रहे सिंगरौली में

क्षेत्र के सामान्य जंगलों के उजाड़ने के बाद अब वन्य जीवों के लिए आरक्षित गुरू घासीदास तमोर पिंगला टाइगर रिजर्व के संरक्षित जंगलों पर तस्करों की नजर लग गई है। यह जानकर हैरानी होगी कि जिस टाइगर रिजर्व में बिना अनुमति कोई प्रवेश तक नहीं कर सकता वहां तस्करों का संगठित गिरोह बेखौफ होकर पेड़ों पर आरा चला रहा हैं तथा सिल्ली बनाकर जंगल एवं सड़क मार्ग से सीमावर्ती मध्यप्रदेश सिंगरौली क्षेत्र में खपा रहा है।

दो दशक पूर्व तक घने जंगलों के कारण चर्चा में रहने वाले बिहारपुर वन परिक्षेत्र के जंगल अब खाली मैदान में तब्दील हो गए हैं। वनों का सफाया होने के बाद खेती का रकबा बढ़ गया है लेकिन अब वीरान जंगल स्थानीय लोगों के लिए पीड़ादायक साबित हो रहा है लोग जीवन में आए बदलावों को महसूस कर रहे हैं। तस्करों की मदद से कमाई के लिए जंगल को उजाड़ने वाले ग्रामीण भी परेशान हैं। सामान्य वनों का सफाया होने के बाद अब तस्कर ग्रामीणों की मदद से गुरू घासीदास नेशनल पार्क के जंगलों को बेखौफ होकर उजाड़ रहे हैं। जिस टाइगर रिजर्व में बिना अनुमति कोई प्रवेश तक नहीं कर सकता उस जंगल में लकडी तस्कर बेखौफ होकर न केवल हरे-भरे पेड़ों को काट रहे हैं बल्कि जंगल में ही आरा चलाकर सिल्ली और चौखट तैयार कर रहे हैं। तस्करों को अवैध कटाई की खुली छूट देने वाले विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों ने पिछले एक साल से जंगल का भ्रमण करना भी बंद किया है जिससे लकड़ी तस्करों की चांदी हो गई है। तस्कर शाम ढलने के बाद एवं भोर में मुख्य मार्ग से बाइक के सहारे एवं मकरादुआरी तथा अवतिकापुर पठारीपारा के रास्ते पैदल लकड़ी की सिल्ली एवं चौखट की तस्करी कर रहे हैं। सामान्य जंगलों में साल प्रजाति के पेड़ों का सफाया करने के बाद तस्कर टाइगर रिजर्व के जंगल में साल पेड़ों को काट कर सिल्ली बना रहे हैं। तस्करों की सक्रियता बढ़ने के कारण टाइगर रिजर्व के खोहिर, बैजनपाट, लूल्ह, भुण्डा, मोल्हुआ, जुड़वानियां, कछवारी, रामगढ़ एवं उमझर जंगल में लगातार बड़े पैमाने पर पेड़ों की अवैध कटाई हो रही है तथा दिन में सौ से अधिक तस्कर बाइक व पैदल लकड़ी की तस्करी कर रहे हैं।



टाइगर रिजर्व में मकरोहर स्थित जांच चौकी, इनसेट में काटा गया पेड़।

### बैरियर बना अनुयोगी

लकड़ी तस्करी एवं वन्य जीवों के शिकार पर नजर रखने नेशनल पार्क प्रबंधन द्वारा मकराद्रुआरी में जांच चौकी स्थापित की गई है। चौकी में एक बीटगार्ड एवं चौकीदार को तैनात किया है। स्थानीय निवासी होने के कारण दोनों वनकर्मी ड्यूटी की खानापूर्ति में व्यस्त रहते हैं। तस्कर जांच चौकी के सामने से सिल्ली की तस्करी करते हैं लेकिन कर्मचारी जांच पड़ताल तो दूर उन्हें टोकने तक की हिम्मत नहीं करते। क्षेत्रवासी वनकर्मियों पर भी तस्करों से साठगांठ की सूचना साझा करने का आरोप लगाते हैं।

#### बीजा के पेड़ों पर खतरा

अवैध कटाई के कारण बीजा प्रजाति के पेड़ों की संख्या अब बेहद कम हो गई है। टाइगर रिजर्व के रसौकी जंगल में ही बीजा प्रजाति के कुछ पेड़ बचे हैं। बीजा के सिल्ली की कीमत काफी अधिक मिलने के कारण तस्कर धड़ल्ले से हरे पेड़ों को काट रहे हैं। अवैध कटाई को रोकने शीघ्र कारगर पहल नहीं की गई तो समाप्ति की कगार पर पहुंचे बीजा प्रजाति के पेड़ों का अस्तित्व भी क्षेत्र से खत्म हो जाएगा। एक साल पूर्व पार्क की टीम बीच-बीच में जंगल की सर्चिंग करती थी जिससे तस्करों में खौफ रहता था। टीम को सर्चिंग के दौरान तस्करों की लगभग 15 बाइक जब्त करने में सफलता मिली है। ग्रामीण वन अधिकारियों पर तस्करी सूचना देने के बावजूद कार्रवाई नहीं करने का आरोप लगा रहे हैं।

#### तीन रेंज के प्रभार पर रेंजर

टाइगर रिजर्व के रिहंद रेंज में पदस्थ रेंजर ललित साय पैकरा लम्बे समय से महुली स्थित रिहंद रेंज के साथ रामगढ़ रेंज के प्रभार पर थे। हाल ही मेमं शासन द्वारा उन्हें जशपुर वनमण्डल अंतर्गत मनोरा वन परिक्षेत्र में स्थानांतरित किया गया है। पूर्व में रामगढ़ रेंज में अधिक समय तक व्यस्त रहने के कारण रिहंद रेंज में सुरक्षा गतिविधियां ठप थीं। स्थानांतरण के बाद रेंजर मनोरा परिक्षेत्र के साथ ही 200 किमी दूर रामगढ़ एवं रिहंद रेंज की भी जिम्मेदारी सम्भालने की खानापूर्ति कर रहे हैं। विभाग की इस लापरवाही न केवल जंगल बल्कि वन्य जीवनों के लिए भी बड़ी चुनौती बन गई है।

#### कर्मचारियों की कमी बड़ी बाधा

अधिकारी-कर्मचारियों की कमी बड़ी बाधाबनी है। उच्चाधिकारियों को स्थिति से अवगत कराया गया हैं जांच चौकी पर लापरवाही बरने वाले कर्मचारियों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

-सौरभ सिंह
डायरेक्टर, गुरूघासीदास टाइगर रिजर्व



## हरितालिका तीज आज, व्रती महिलाएं रखेंगी निर्जला व्रत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

हरितालिका तीज पर्व मंगलवार को मनाया जाएगा। व्रत को लेकर आज बड़ी संख्या में महिलाएं पूजन सामग्री सहित अन्य सामान की खरीदारी बाजार व दुकानों पहुंची। पति की दीघार्यु के लिए मनाए जाने वाले हरितालिका तीज पर्व को लेकर व्रती महिलाएं आज सुबह से ही बाजार में खरीदारी करने पहुंचने लगी। हालांकि दोपहर तक बाजार में भीड़ कम ही देखी गई परंतु दोपहर बाद गुदरी बाजार में महिलाओं की काफी भीड़ उमड़ी। कुछ महिलाओं ने एक दिन पूर्व ही बाजार से बांस की सामग्री, पूजा सामग्री के अलावा कपड़ा, ज्वेलरी की खरीददारी कर लिए थे। शाम को एकाएक बाजार में खरीदारी करने पहुंचने से कुछ समय के लिए मुख्य मार्ग में जाम की स्थिति निर्मित हो गई थी। हरितालिका तीज पर्व को लेकर व्रती महिलाओं ने आज से ही तैयारियों में जुट गई है। तीज पर्व पर व्रती महिलाएं पति की दीर्घायु के लिए दिन भर निर्जला उपवास रखकर शाम को मंदिर व घरों में विधि-विधान से पूजा अर्चना करेंगी। मान्यता है कि इस व्रत को करने से मां पार्वती पतियों को दीर्घायु होने का आर्शीवाद देती है। इस दिन अधिकांश महिलाएं निर्जला उपवास रखकर भगवान शिव व माता पार्वती की मिट्टी या बालू से प्रतिमा बनाकर पूजा करती है। हरितालिका तीज भाद्र शुक्ल पक्ष तृतीया तिथि को मनाई जाती है।




## खेल महाकुंभ में डीएवी पतरातु के बच्चों ने हासिल किए पदक

**राजपुर।** डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स मीट-2025, छत्तीसगढ़ जोन खेल महाकुंभ में डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल पतरातु के बच्चों ने बेहतर प्रदर्शन किया है। क्लस्टर लेबल के स्पोर्ट्स मीट में 17 डीएवी स्कूलों के बच्चों ने हिस्सा लेकर खेल व लक्ष्य के प्रति अपने जुनून, उत्साह, संकल्प, धैर्य, अनुशासन, क्षमता एवं ऊर्जा का बखूबी प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में शिवानी तिर्की अंडर-17 बालिका वर्ग में 200 मीटर रेस में और अनुराग कुमार शर्मा ने अंडर-19 बालक वर्ग में 400 मीटर रेस में स्वर्ण पदक अपने नाम किया। वहीं आकिब रजा ने अंडर-19, बालक वर्ग में 200 मीटर रेस में, अभीरथ सिंह देव ने अंडर-17 बालक वर्ग में डिसकस थ्रो में, अक्षत कुमार शर्मा अंडर-17 बालक वर्ग ने शॉटपुट थ्रो में, आकृति गोप अंडर-14, बालिका वर्ग ने 100 मीटर रेस में रजत पदक अपने नाम किया । कांस्य पदक पर मोहम्मद तफ़सीर आलम अंडर-19, 100 मीटर रेस, बालक वर्ग, कृष्णा कन्हैया मिंज अंडर-19, लॉन्ग जंप, बालक वर्ग, मनीष कुमार सिंह अंडर-19, डिसकस थ्रो, बालक वर्ग, सौम्या शांडिल्य अंडर-17, 100 मीटर रेस, बालिका वर्ग और शारदा पैकरा अंडर-17, 400 मीटर रेस, बालिका वर्ग का कब्ज़ा रहा । इसके अतिरिक्त अंडर-19 बालक वर्ग के रिले रेस में रजत पदक और अंडर-17 बालक वर्ग के रिले रेस में कांस्य पदक विद्यालय के नाम रहा, जिसमें क्रमशः अंडर-19 में मोहम्मद तफ़सीर आलम, अनुराग कुमार शर्मा, रोहित यादव और अनुराग कुमार गुप्ता तथा अंडर-17 में पुरन सिंह, साकिब अहमद, पीयूष जायसवाल, प्रियांशु भगत ने भाग लिया। ये बच्चे अब राज्य व राष्ट्र स्तरीय खेल महाकुंभ में अपना दमखम दिखाते नजर आएगे। बच्चों की विशेष उपलब्धियों से विद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल है। विद्यालय के प्राचार्य आशुतोष झा ने बच्चों को शुभकामनाएं दीं और आगे की चुनौतियों से जीतने का आशीर्वाद दिया।



### ग्राम पंचायत भंवरमाल में किया गया पशु औषधालय का शुभारंभ

**रामानुजगंज।** छत्तीसगढ़ शासन के पशुधन विकास विभाग के मंत्री पद का प्रभार ग्रहण करने के उपरांत कैबिनेट मंत्री एवं क्षेत्रीय विधायक रामविचार नेताम की विधानसभा अंतर्गत विकासखंड रामचंद्रपुर के ग्राम पंचायत भंवरमाल में स्वीकृत पशु औषधालय का विधिवत शुभारंभ किया। ग्राम पंचायत भंवरमाल में पशु औषधालय प्रारंभ होने से क्षेत्रीय पशुपालकों की रामानुजगंज पर निर्भरता कम होगी एवं उन्हें स्थानीय स्तर पर ही पशुओं की समुचित चिकित्सा सुविधा प्राप्त होगी। साथ ही विभिन्न प्रकार की बीमारियों की औषधियां भी उपलब्ध होंगी। शासन स्तर से पशु औषधालय भंवरमाल का प्रथम प्रभारी लवकेश पाण्डेय को नियुक्त किया गया है। नवीन पशु औषधालय प्रारंभ होने से ग्राम भंवरमाल, केरवाशिला, नगरा, धनपुरी, तांबेश्वरनगर, चंदनपुर, आरागाही, चंद्रनगर एवं बुलगांव के पशुपालकों को विभागीय सुविधा का लाभ मिलेगा। कार्यक्रम में उपस्थित क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों द्वारा पशुपालकों को संबोधित कर पशुधन विकास विभाग की सुविधा का अधिक से अधिक लाभ उठाने हेतु प्रेरित किया गया।अतिथियों ने पांच पशुपालकों को मिनरल मिक्सचर, डिवार्मिंग की गोली की किट का वितरण किया गया। इस दौरान शैलेश गुप्ता, सीताराम गुप्ता, दयाल विश्वास, बीडी लाल, विकास गुप्ता, अमृत सिंह, संतोष यादव, संजीत गुप्ता,उत्तम गुप्ता, अमृत गुप्ता, रामनंदन गुप्ता, वासु राय, लालमोहन ठाकुर,डॉ. शिशिर कांत पाण्डेय, डॉ. एसएस सेंगर,डॉ. अनमोल सिंह, बीबी गुप्ता, लवकेश पांडेय, राकेश यादव, गोपालराम, रमेश पुरी, आनंदराम, रामकुमार सिंह, संतोष कश्यप एवं अन्य क्षेत्रीय अधिकारी,कर्मचारियों, पशुपालक एवं किसान उपस्थित थे।

## ग्राम पंचायत रविन्द्रनगर स्थित सड़क की हालत दयनीय, ग्रामीणों ने जताई नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

- राजस्व अमले के साथ पंचायत प्रतिनधियों ने कराया सड़क का सीमांकन

ग्राम रविन्द्रनगर में पंचायती सड़क की खस्ता हालत को लेकर ग्रामीणों ने नाराजगी जाहिर की है।ग्रामीणों का कहना है कि कई सालों की मेहनत और पंचायत निधि से बनी सड़क अब गड्ढों में तब्दील होकर हादसों को न्योता दे रही है,हालात इतने खराब हैं कि रोजाना राहगीरों और किसानों को चोटिल होने की नौबत आ रही है,पंचायत ने इस पर कड़ा रुख अपनाते हुए मारुति नेक्सा शोरूम कार विक्रेता को गत दिनों नोटिस जारी करने उपरांत सोमवार को जमीन का सीमांकन कार्य कराया गया। प

'चायत प्रतिनिधियों ने बताया कि शो रुम संचालक द्वारा वाशिंग सेंटर संचालित करने के साथ वाहनों को पंचायती सड़क पर खड़ी कर देने से आमजन को आवागमन में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है,यह सड़क मुख्य रूप से किसानों की उपज को मंडी सिलफिली व अंबिकापुर तक पहुंचने के लिए मुख्य मार्ग है,लेकिन गड्ढों और कीचड़ के कारण ट्रैक्टर व छोटे वाहन फंस जाते हैं। स्कूली बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक को भी रोजाना जोखिम उठाना पड़ता है,ग्रामीणों ने पंचायत को कई बार आवेदन देकर समस्या से अवगत कराया गया है,ग्रामीणों का कहना है कि यह सड़क हमारे जीवनरेखा जैसी है। लेकिन अब हालत यह है कि हमें पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है,बदहाल सड़क का सोमवार को राजस्व विभाग के कर्मचारियों व पंचायत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में सोमवार को शो रुम का सड़क से सीमांकन कार्य की प्रक्रिया भी पूर्ण कराई गई,जिसमें काफी नोंकझोंक की स्थिति बनी।यहां पर पंचायत प्रतिनिधि एवं राजस्व प्रतिनिधि से शोरूम संचालक द्वारा सड़क मरम्मत कराने की बात कही गई है।



## तनावमुक्त जीवन और मानसिक स्वास्थ्य विषय पर कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुण्ठपुर



शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय बैकुंठपुर में 25 अगस्त को आईक्यूएसी के तत्वावधान में तनावमुक्त जीवन और मानसिक स्वास्थ्य विषय पर एक दिवसीय विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का संचालन प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय केन्द्र बैकुंठपुर की बहनों द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। तत्पश्चात महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रंजना नीलिमा कच्छप ने ब्रह्माकुमारी बहनों का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया। स्वागत उद्बोधन प्राचार्य द्वारा एवं कार्यक्रम की रूपरेखा व उद्देश्य पर प्रकाश आईक्यूएसी समन्वयक डॉ. सुमित कुमार डे ने डाला। ब्रह्माकुमारी ममता दीदी ने ओम शांति के वास्तविक अर्थ को समझाते हुए योग द्वारा आत्म-शांति का अनुभव कराया। उन्होंने आत्मबोध को आत्मा का भोजन बताया। बीके रूपा दीदी ने खुशी जीवन का राज विषय पर सकारात्मक सोच के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि नकारात्मक सोच ही तनाव का मूल कारण है। उन्होंने कार्य के दबाव और तनाव के अंतर को उदाहरण सहित स्पष्ट किया और असफलता को स्वीकार कर सकारात्मकता के साथ आगे बढ़ने पर बल दिया। बीके संजू दीदी ने स्वर्णिम भारत के लिए नशामुक्त भारत का संकल्प दिलाया और सभी छात्राओं व प्राध्यापकों से नशा त्यागने की प्रतिज्ञा करवाई।

# दीक्षारंभ कार्यक्रम में विद्यार्थियों को दी गई विविध जानकारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय में सोमवार को दीक्षारंभ कार्यक्रम पार्षद आलोक दुबे, मनीष सिंह, शशिकांत जायसवाल के आतिथ्य में आयोजित किया गया। प्राचार्य डॉ.रिजवान उल्ला ने महाविद्यालय की वर्तमान स्थितियों से अवगत कराया। पार्षद आलोक दुबे ने विद्यार्थियों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। पार्षद मनीष सिंह ने विद्यार्थियों की समस्याओं की समस्याओं से हर समय रूबरू होने का आश्वासन दिया। विद्यार्थियों ने रसायन शास्त्र एवं गणित विषयों में अतिरिक्त शिक्षक की व्यवस्था एवं प्रयोगशाला के सुचारू संचालन हेतु प्रयोगशाला सामग्रियों की व्यवस्था करने के संबंध में ज्ञापन सौंपा। डॉ.एन मेरी खलखो ने नवप्रेषित विद्यार्थियों को महाविद्यालय के संबंध में जानकारी दी। सहायक प्राध्यापक डॉ.सत्यनारायण साहू एवं धर्मेंद्र यादव ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के संबंध में विद्यार्थियों को अवगत कराया। डॉ.सुशील कुमार कश्यप ने विद्यार्थियों की शंकाओं का समाधान किया। अजय सिंह शाक्या ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम का संचालन सुश्री मधुलिका कुजूर ने किया।

### महाविद्यालय में दीक्षारंभ कार्यक्रम में विद्यार्थियों को मिला सफलता का मंत्र

**शंकरगढ़।** अरुण प्रताप सिंहदेव शासकीय महाविद्यालय में आज नए शैक्षणिक सत्र के उपलक्ष्य में दीक्षारंभ कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, शैक्षणिक अनुशासन, नैतिक मूल्यों एवं व्यक्तित्व विकास के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पुनीत कुमार राय ने कहा कि दीक्षारंभ केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि यह विद्यार्थियों के जीवन की नई शुरुआत है, जो उन्हें ज्ञान, अनुशासन और उत्कृष्टता की राह दिखाता है। एनईपी एंबेसेडर तरूणा यादव एवं अंजना यादव ने एनईपी से सम्बन्धित सूचना एवं अपने विचार व्यक्त किए। एनईपी नोडल अनुभा मिंज ने इस विषय पर विस्तृत जानकारी दी एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अवसर, करियर विकल्प, नैतिक मूल्यों और डिजिटल युग की चुनौतियों पर मार्गदर्शन दिया। विशिष्ट अतिथि जनपद अध्यक्ष चिंतामणि भगत ने विद्यार्थियों को जीवन में लक्ष्य निर्धारण, समय प्रबंधन और सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने का संदेश दिया। जनपद उपाध्यक्ष प्रियंवदा सिंहदेव ने विद्यार्थियों को अपने सपने साकार करने के लिए दृढ़ संकल्प और निरंतर प्रयास करने का संदेश दिया। मुख्य अतिथि अनुराग सिंहदेव ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के शोध केंद्रित, गुणात्मक दृष्टि से शिक्षा का विकास तथा कहा कि यह नीति हमारे ज्ञान के व्यापक विस्तार को प्रोत्साहित करती हैं। इस नीति को इस पीढ़ी का सौभाग्य बताया। मुख्य अतिथि द्वारा सेवापूर्ति कर चुके महाविद्यालय के कर्मचारी भोलाराम को शॉल श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह देकर उनका सम्मान किया। इस दौरान मुख्य अतिथि के साथ, विशिष्ट अतिथि अमिताभ सिंहदेव, राजेंद्र सिंह, मोहनलाल अग्रवाल, सत्यानंद पैकरा, रविन्द्र गुप्ता, मुकेश सिंह, महाविद्यालय के समस्त अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।



हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 9,100/-
सुनहरा अवसर
रायपुर, उसलापुर, शहडोल से होकर स्पेशल ट्रेन
04 नवंबर से 10 नवंबर 2025, 13 फरवरी से 19 फरवरी 2026 (7 दिन)
द्वारकाधीश धाम यात्रा
श्री द्वारकाधीश, श्री द्वारकाभेट, श्री सोमनाथ, श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, उज्जैन (श्री महाकालेश्वर)
ऑफर राशि स्लीपर 9,100/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 21,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36 Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza Power House Road
संपर्क करें:-73544-11411